संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 109 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## बाल तस्करी: सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में बाल तस्करी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने कहा कि देश में बच्चों की तस्करी स्थिति बदतर होती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को अपहृत नवजात शिशुओं को खोजने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि दिल्ली के अंदर और बाहर नवजात शिशुओं का अपहरण करने और उन्हें बेचने में शामिल गिरोहों के मुद्दे की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पुलिस को दिए सख्त आदेश सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चार सप्ताह का समय देते हुए कहा कि वह बाल तस्करी में शामिल गिरोह के सरगना और अपहृत शिशुओं का पता लगाए और प्रगति के बारे में अदालत को सूचित करे। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, "वे (बाल तस्करी गिरोह) समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। (बच्चों की) खरीद-फरोख्त बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। आपको नहीं पता कि वे कहां पहुंच जाते हैं। अगर कोई लड़की है तो आपको पता है कि वह कहां पहुंच जाएगी।

# शासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा भारत: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 17वें लोकसेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में लोक सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज शासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भारत में निवेश करने के लिए उत्साहित है और यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि हम इस अवसर को न खोएं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कोई लालफीताशाही न हो, तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। पिछले 10 वर्षों में देश की सफलता ने विकसित भारत की नींव को मजबूत किया है। शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं कितनी गहराई तक जनता के बीच पहुंचती हैं और उसका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव हुआ है।



### समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे: मोदी

**समग्र** विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे। वास्तविक प्रगति छोटे बदलावों के बारे में नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर, सार्थक प्रभाव के बारे में है। हर घर में स्वच्छ पानी होना चाहिए और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपने लाल किले से दिए भाषण का स्मरण करते हुए कहा कि आज के भारत को आने वाले एक हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो एक हजार साल की सहस्राब्दी में पहले 25 साल बीत गए हैं। ये नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वो अगले एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए विकास के रथ के हर पहिए को एकसाथ मिलकर काम करना होगा और हमें अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

### सम्मानित किया

□ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किए

### फास्ट न्यूज

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में 3.8 फीसदी पर रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 फीसदी रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 फीसदी के मुकाबले थोड़ी अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में इन बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट का परिणाम है, जिनमें कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमश: 1.6 फीसदी, 0.2 फीसदी, 7.1 फीसदी और 6.2 फीसदी की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 फीसदी की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 फीसदी की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 4.4 फीसदी रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह दर 7.6 फीसदी थी। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में भार 40.27 फीसदी होता है, जो औद्योगिक वृद्धि दर को मापने में महत्वपूर्ण है। इन आठ उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है।

## खादी का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

□ चुनाव में गड़बड़ी साफ दिख रही: राहुल गांधी, सवाल उठाया- महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े, इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है, राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं

# राहुल ने अमेरिका में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**बोस्टन:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है। राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे।

**अमेरिका में राहुल की बातें...**

**राहुल बोले-** मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस सांसद ने कहा- हमने चुनाव की वीडियोग्राफी मांगी तो आयोग ने साफ मना कर दिया।

### उठाए सवाल

□ हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई

### वोटर्स लिस्ट में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया था

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया था। इस साल फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई। वोटर लिस्ट में नए मतदाता जोड़े गए, ताकि भाजपा की जीत हो सके। राहुल ने इलेक्शन कमीशन से वोटर्स का डेटा मांगा था।

### राहुल के बयान पर बीजेपी ने सवाल उठाए

**राहुल** गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया भी आई है। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संबित पात्रा ने कहा विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है और देश को लूटने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है।

### राहुल के इलेक्शन कमीशन पर आरोप

**राहुल** ने आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच साल में महाराष्ट्र में 32 लाख वोटर्स जोड़े गए, जबकि इसके पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर्स को जोड़ा गया। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि पांच महीने में पांच साल से ज्यादा वोटर्स कैसे जोड़े गए? विधानसभा चुनाव में राज्य की कुल वयस्क आबादी से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर्स कैसे थे?

### राहुल देश को अपमानित कर रहे: प्रधान

**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर हमला करते हुए कहा कि वे जब भी विदेश में होते हैं तो भारत और इसकी लोकतांत्रिक प्रणालियों के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं।



पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की। उनके तीनों बच्चों को अपने आवास का गार्डन दिखाया, मोरपंख भेंट किए।

## हिन्दू एकता के लिए भागवत का नया फॉर्मूला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा का भयावह मंजर देखने के बाद कई लोग हिन्दू एकता का आह्वान कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी हिन्दुओं से एक रहने की अपील की है। उनका कहना है कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हिन्दुओं के बीच जातिगत विभाजन को पाटना होगा। इसी कड़ी में मोहन भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान का फॉर्मूला पेश किया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अलीगढ़ के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने अलीगढ़ के एचबी इंटर कॉलेज और पंचन नगरी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## राष्ट्रपति को कैसे आदेश दें, हम पर पहले ही आरोप लग रहे: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पिछले कई दिनों से चर्चा में है। राष्ट्रपति और गवर्नर को दिए आदेश के बाद कई बीजेपी नेताओं ने सर्वोच्च न्यायालय को निशाने पर लिया, जिसे लेकर पक्ष और विपक्ष में सियासी संग्राम छिड़ गया। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की है। वक्फ अधिनियम के विरोध में पश्चिम बंगाल की हिंसा पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्यायपालिका पर कार्यपालिका के काम में हस्तक्षेप का आरोप लग रहा है।

पश्चिम बंगाल हिंसा पर की सुनवाई लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार मशहूर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन का कहना था कि हिंसा पर काबू पाने के लिए बंगाल में अर्धसैनिक बलों की तैनाती होनी चाहिए। ऐसे में उन्होंने अदालत से गुजारिश की है कि वो केंद्र को सुरक्षाबलों की तैनाती करने और बंगाल हिंसा की जांच के लिए पैनल गठित करने का आदेश दे। साथ ही मुर्शिदाबाद में हिन्दुओं के पलायन की भी रिपोर्ट भी पेश की जाए।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा होने की उम्मीद: वित्त मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इस शरद ऋतु तक भारत का अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग सकारात्मक रूप से संपन्न होने की उम्मीद जताई है। वह दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के दौरे पर हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, "अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की जरूरत है।" सीतारमण ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में इंडिया कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक सामुदायिक सभा में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया, लेकिन 2021 में हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं।



# उपराष्ट्रपति वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम देखा

### बैठक

□ मंदिर भ्रमण के दौरान जेडी वेंस और उनके परिवार ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा और तीन बच्चों इवान, विवेक और मिराबेल के साथ भारत की चार दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार को नई दिल्ली के स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वे सीधे इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में पहुंचे। मंदिर भ्रमण के दौरान जेडी वेंस और उनके परिवार ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में अपने अनुभव साझा करते हुए वेंस ने लिखा, 'इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

### आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**वेंस** की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था, जो अमेरिका के रॉबिंसविल और यूएई के अबू धाबी में भी सांस्कृतिक स्थलों का संचालन करती है, ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

## नक्सलवाद को खत्म करने की मुहिम निरंतर जारी रहेगी: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है।

हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें- अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को ढेर कर दिया गया, जिसमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था।

### बिजली क्षति

सुक्खू ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की

# सीएम सुक्खू ने बिजली क्षति को रोकने के लिए कड़े प्रावधान करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) को राज्य में बिजली क्षति का सही आकलन करने और बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बिजली क्षति को रोकने के लिए फीडर मीट्रिंग जैसे प्रभावी कदम उठाने चाहिए। यह बात उन्होंने आज यहां एचपीएसईबीएल और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने वाणिज्यिक, औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं की फीडर मैपिंग करने के भी निर्देश दिए ताकि सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीएसईबीएल के जो अधिकारी और कर्मचारी वर्तमान में ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन और पॉवर कॉरपोरेशन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, उन्हें 30 अप्रैल तक विभाग चुनने का विकल्प दिया जाए। उन्होंने कहा कि सिविल विंग के कर्मचारी भी लोक निर्माण विभाग या अन्य विभाग में जाने का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लाभों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वे वर्तमान सेवा शर्तों के अंतर्गत ही कार्य करेंगे। सरकार आवश्यक नीतियां संशोधित कर उनके सभी लाभों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार एचपीएसईबीएल की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने तथा इसे और अधिक सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आगामी महीनों में टी-मेट्स और लाइनमैन के 2000 पद भरेगी। अधिकारियों को इस परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस परियोजना को नवम्बर, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है।



### आदेश

□ एचपीएसईबीएल ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा)।** कनाडा में एक बार फिर हिन्दू मंदिर पर हमले की खबर सामने आ रही है। कनाडा के एक पत्रकार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। इस हमले के पीछे खालिस्तानी समर्थकों का हाथ है। यह तीसरी बार है जब कनाडा में किसी हिन्दू मंदिर को निशाना बनाया गया है। कनाडा में हिंदूफोबिया तेजी से पैर पसार रहा है। कैनिडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी इस पर चिंता जताई है। हिन्दू मंदिर पर हमले की वीडियो शेयर करते हुए कड़े शब्दों में इसकी निंदा की है। यह हमला ब्रिटिश कोलंबिया के लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हुआ है। इस हमले के पीछे खालिस्तानी उग्रवादियों का हाथ है।




उन्होंने मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ की। ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि कनाडा में इस तरह की नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। यह हिंदूफोबिया का उदाहरण है। हम इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। साथ ही कनाडा के सभी नागरिकों से हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहने की अपील करते हैं।

□ खालिस्तान समर्थकों ने तीसरी बार बनाया निशाना, सामने आया वीडियो

□ कनाडा में नहीं थम रहा खालिस्तानी समर्थकों का आतंक

□ तीसरी बार हिन्दू मंदिर में की गई तोड़फोड़, वीडियो वायरल

□ रात के 3 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर को बनाया निशाना

# एडीसी ने की समाधान शिविर की अध्यक्षता, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**समाधान**

आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता मे है : अतिरिक्त उपायुक्त



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा0 ब्रह्मजीत सिंह ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता मे है, इसलिए सभी अधिकारी समाधान शिविर मे पहुंचे लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर मे पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को बड़े ही पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारी को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त डा0 ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही एक सराहनीय पहल है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते है। खास बात यह है कि इन समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है। आयोजित समाधान शिविर में प्रार्थियों द्वारा कुल 12 शिकायतें/समस्याएं रखी गई जिनमें से 6 शिकायतों को एडीसी द्वारा मौके पर ही निपटान कर दिया गया और शेष 6 शिकायतों को संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। बता दे कि अंबाला मे समाधान शिविरों का आयोजन प्रत्येक सोमवार व वीरवार को किया जाता है। यह शिविर जिला स्तर पर डीसी कार्यालय व उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालय मे सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहें है।

## सुनार समाज ने किया कृष्ण बेदी को सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** स्थानीय गांधी नगर में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में सहकारिता व सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सुनार सभा के जिला प्रधान राम कुमार वर्मा ने भी सुनार सभा के सदस्यों धर्मचंद वर्मा,महावीर वर्मा और अनिल वर्मा सहित कृष्ण बेदी को शाल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में लगभग 25 संस्थाओं ने कृष्ण बेदी का सम्मान किया जिससे अभिभूत हो मंत्री कृष्ण बेदी ने सभी संस्थाओं को पांच - पांच लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की जिससे संस्थाओं के पदाधिकारियों ने मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त गांधी नगर में धर्मशाला हेतु 50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की ।

## पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हुए आरोपित का नहीं लगा सुराग, पांच टीमों का गठन

सोनीपत

**सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र स्थित नागरिक अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए लाए मादक पदार्थ तस्कर के फरार होने के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश के लिए पांच टीमों का गठन किया है। साथ ही पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी को लेकर जांच की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | (1) डी एंड डी ऑफिस रूम नंबर - 448 एनेक्सी-I, बड़ौदा हाउस के लिए इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल नवीनीकरण कार्य स्टेशन, फर्नीचर और सहायक उपकरण के साथ दूरसंचार सुविधा का प्रावधान (2) रेल भवन में रेलवे बोर्ड प्रेस ब्रीफिंग रूम / स्टूडियो की स्थापना में एलईडी डिस्प्ले (ऑल-इन- वन) प्रकार का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,00,70,973.92 मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,00,400/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 16.05.2025 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1008 दिनांक: 21.04.2025 1172/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

रेल कोच नवीनीकरण, सोनीपत (निविदा सूचना)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 275780 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थानः "आरसीएनके/एसएनपी में एलएचबी कोचों की एमएलआर अनुसूची के दौरान एलएचबी कोचों का नवीनीकरण" | |
| 3 | अनुमानित लागत रुपये | Rs. 46,89,22,098.06/- जीएसटी @ 18%सहित |
| 4 | बयाना राशि | रू. 24,94,600.00 /- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 महीने। |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 04.06.2025, समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 275780 Dated: 18/04/2025 1175/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# काबिल बनो, कामयाबी तो झक मारके पीछे भागेगी

## पाइट में एचीवर्स मीट, इन्फोसिस से लेकर बड़ी कंपनियों ने बताए सफलता के मंत्र



टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

काबिल बनो, कामयाबी तो झक मारके पीछे भागेगी। अगर आपके अंदर स्किल नहीं है तो आपको जॉब नहीं मिलेगी। स्वरोजगार में बेहतर नहीं कर सकेंगे। मार्क्स ज्यादा आने से ही सफलता नहीं मिलती, आप कितने कुशल और डेवलप हैं, इससे ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है। सफलता का यह मंत्र पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में आयोजित प्लेसमेंट अचीवर्स मीट 2025 में इन्फोसिस से लेकर बड़ी कंपनियों के सीईओ व प्रबंधकों ने दिया। इन्फोसिस से वरिष्ठ एसोसिएट नेहा अंतिल ने कहा कि आपका कम्युनिकेशन अच्छा होना चाहिए। इंटरव्यू में सबसे पहला सवाल ये होता है कि अपने बारे में बताएं। अगर आप अपने बारे में ही नहीं बता सकेंगे तो इंटरव्यू वहीं खत्म हो जाएगा। आप किस क्षेत्र में अपना श्रेष्ठ दे सकते हैं, उसी पर फोकस करके आगे बढ़ते जाएं। नेस्ले इंडिया से प्रबंधक हितेश जैन ने कहा कि आप काबिल बनिये, सफलता तो आपके पीछे दौड़ी आएगी। नंबरों से किसी युवा को आंका नहीं जा सकता। उसे काम करना कितना आता है, क्या वो लीडर बन सकता है, कंपनियां इसका आकलन करती हैं। ओकी डॉकी से ललित गर्ग एवं वृंदा ग्लोबल से सर्वजीत सिंह मिड्ढ़ा ने भी छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। पाइट से पढ़कर कंपनियों में उच्च पदों पर पहुंचे युवाओं ने भी सफलता के टिप्स साझा किए। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। तकनीकी दुनिया में क्या बदलाव हो रहे हैं, इसके बारे में पता चलता है। सचिव सुरेश तायल ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी ने भी चुनौतियों, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया।


**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) - न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल लाइन कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| 2 | कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5,18,35,552.80 |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 4,09,200.00 |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 09 माह के अन्दर। |
| 6 | रेलवे की वेबसाइट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 तक समय 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। |
| 7 | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदाकर्ता दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 समय 15:00 बजे वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात् दिनांक 08.05.2025 को 15:00 बजे। |

निविदा संख्या: 288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN Date/Time: 15.04.2025 1174/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**

No.:- CC-6/E-Auction/Commercial Publicity/2024 Dated:- 17.04.2025

ई-नीलामी के लिए सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बहुउद्देश्यीय स्टाल और खानपान स्टाल, पार्किंग अनुबंध के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

**कैटरिंग**

S. No.: 1 — E-Auction catalogue No.: PRYJ-CATG-25-14

Details of publicity: 05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर खानपान इकाइयाँ: दनवार (01 स्थान), रूरा (01 स्थान), अचल्दा (01 स्थान), एटा (01 स्थान), दादरी (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान), इरादतगंज (1 स्थान), फतेहपुर (01 स्थान), प्रयागराज (01 स्थान), भरथना (1 स्थान), जलेसर सिटी (01 स्थान)।

E-Auction Start Date & Time: 24.04.2025 at 11.00 hrs

S. No.: 2 — E-Auction catalogue No.: PRYJ-MPS-25-06

Details of publicity: 05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर बहुउद्देश्यीय इकाइयाँ: अलीगढ़ (01 स्थान), फफूंद (02 स्थान), विंध्याचल (01 स्थान), फतेहपुर (01 स्थान)।

E-Auction Start Date & Time: 30.04.2025 at 11.00 hrs

S. No.: 3 — E-Auction catalogue No.: PRYJ-CATG- 25-15

Details of publicity: 05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर खानपान इकाइयाँ: दादरी (02 स्थान), भरथना (02 स्थान), दनकौर (01 स्थान) सिराथू (01 स्थान) अचल्दा (02 स्थान), हाथरस (01 स्थान), चोला (01 स्थान), जलेसर सिटी (01 स्थान)।

E-Auction Start Date & Time: 25.04.2025 at 11.00 hrs

S. No.: 4 — E-Auction catalogue No.: PRYJ-CATG-25-16

Details of publicity: 05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर खानपान इकाइयाँ: सोनभद्र (01 स्थान), जियोनाथपुर (01 स्थान), खागा (02 स्थान) मैनपुरी (01 स्थान) हाथरस (01 स्थान), मेजा रोड (01 स्थान), खुर्जा (01 स्थान), नैनी (02 स्थान), भरवारी (1 स्थान), अचल्दा (01 स्थान) सिराथू (01 स्थान), भरथना (1 स्थान )।

E-Auction Start Date & Time: 30.04.2025 at 11.00 hrs

**पार्किंग**

S. No.: 1 — E-Auction catalogue No.: PRKIG-HRS-PHD

Details of publicity: (1) हाथरस जं (2) फफूद जं रेलवे स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड उपलब्ध है।

E-Auction Start Date & Time: 23.04.2025 at 11:30 hrs

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (1) बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण www.cca.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। (2) बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। (3) एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु.10,000.00 और लागू जीएसटी (गैर वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। (4) इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp पर जाने की सलाह दी जाती है। (5) अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी): नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5%, सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। (6) रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (7) रेल प्रशासन इन गाड़ियों के जारी रहने / बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यह मद एस एल आर / वी पी को पट्टे पर देने से सम्बंधित है)। (8) सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रसाशन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। 675/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## गुरू अर्जन देव का 462 वां प्रकाश पर्व के साथ गुरुद्वारा मे मनाई भक्त धन्ना की जयंती

**समालखा,21 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )** समालखा माडल टाऊन स्थित गुरुद्वारा मे 5 वें गुरु श्री अर्जन देव जी का 462 वां प्रकाश पर्व के साथ धन्ना भक्त का जन्म दिवस संगत द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर श्री सुखमणी साहिब के पाठ किए गए व पाठ साहिब की सेवा बीबी भूपिन्द्र कौर के परिवार की तरफ से की गई। भाई गुरमुख सिंह ने गुरबाणी किर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

# पूर्व प्रत्याशी व उसके बेटों पर लगाया धमकी देने का आरोप

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में गोहाना से विधायक पद के पूर्व प्रत्याशी राजवीर दहिया व उसके बेटों पर पिस्तौल के बल पर गाड़ी के शीशे तोड़ने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि राजवीर दहिया ने उनके साथ जमीन खरीद में धोखाधड़ी की है। बातचीत करने गए तो उसने अपने बेटों के साथ मिलकर उसका पीछा कर पिस्टल और बंदूक से गाड़ी के शीशे तोडे। शीशे लगने से उसे चोट भी आई है। इस दौरान आरोपितों ने हवाई फायर भी किए। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर निवासी दीपक ने बताया कि वह अपने पिता के साथ प्रॉपर्टी का काम करता है। वर्ष 2003-4 में उन्होंने राजबीर दहिया के साथ सिद्धार्थ कालोनी में लगभग 40 लाख रुपये लगाए थे। राजबीर ने अच्छा लाभ और कुछ प्लाट देने का वादा किया था, लेकिन कालोनी कटने के बाद उसने अपना वादा पूरा नहीं किया। इसी सिलसिले में वह पहले भी राजबीर के घर गए थे, जहां उन्हें जल्द हिसाब करने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, दो महीने बाद दोबारा जाने पर राजबीर और उसके बेटों ने उनके साथ गाली-गलौज की। दीपक ने बताया कि 18 अप्रैल, की सुबह करीब 6:30 बजे वह अपनी गाड़ी से राजबीर के फार्म हाउस पर बातचीत के लिए गया।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02255023 | सप्लाई ऑफ 1 न0 8/10 ग्राम टू बी प्रोवाइड इन ऑनबोर्ड | 5200 नग | 13.05.2025 |
| 02 | 19250810 | सेट ऑफ लबीरिंथ रिंग, बेअरिंग कैप एंड क्लैंप प्लेट | 739 सेट | 26.05.2025 |
| 03 | 09252027 | बोगी सेन्टर पिवॉट बॉटम | 1162 नग | 31.06.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 06/2025-2026 दिनांक : 21.04.2025 1173/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रामकथा ने सदियों से समाज को नैतिकता का मार्ग दिखाया: सिन्हा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** आध्यात्मिक गुरु एवं राम कथा के मर्मज्ञ पूज्य मोरारी बापू की नौ दिवसीय राम कथा का एलजी मनोज सिन्हा ने शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राम कथा की सार्वभौमिक भावना को रेखांकित करते हुए इसे एक आध्यात्मिक परंपरा बताया जो संस्कृति और संप्रदायों की सीमाओं से परे जाकर मानवता को जोड़ती है। उन्होंने कहा राम कथा ने सदियों से समाज को नैतिकता, करुणा, न्याय और कर्तव्य का मार्ग दिखाया है। प्रभु श्रीराम का जीवन आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मोरारी बापू के जीवन कार्य का उल्लेख करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि पूज्य बापू ने सत्य, प्रेम और करुणा के मूल संदेश के साथ राम कथा के माध्यम से पूरे विश्व में जनचेतना का जागरण किया है। उन्होंने बताया मोरारी बापू की राम कथाएं न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि एकता और मानवता के सेतु के रूप में भी कार्य करती हैं। उनके प्रवचन समाज में नैतिक जीवन, न्याय और करुणा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को साकार करने में भारतीय लोक कल्याण ट्रस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ट्रस्ट के संरक्षक अरुण कुमार सराफ और कौशलेश नंदन प्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में यह आयोजन संभव हो पाया है।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# सीएम ने दिल्ली हीट एक्शन प्लान जारी किया

सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए व्यापक उपायों की रूपरेखा दी गई, खुले में कक्षाएं नहीं चलाई जाएं, स्कूल शिक्षकों को गर्मी से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें और गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्ष आयोजित करें





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में बढ़ती गर्मी और लू की चेतावनी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सोमवार को हीट एक्शन प्लान 2025 लॉन्च किया, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए व्यापक उपायों की रूपरेखा दी गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में इस प्लान को जारी किया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के प्रकोप से दिल्लीवासियों को सुरक्षित रखने के लिए यह एक निर्णायक कदम है। सभी अस्पतालों को 24७7 आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और बुजुर्गों व बच्चों के लिए विशेष उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली सरकार की हर नागरिक की सुरक्षा एवं उसे अच्छी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना प्राथमिकता है। इसके तहत दिल्ली में 3000 डिजिटल वाटर एटीएम लगाए जाएंगे और 1800 आपदा मित्र तैनात किए जाएंगे। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए विशेष वार्ड बनाए जाएंगे। एक्शन प्लान में कहा गया है कि शिक्षा विभाग गर्मी से संबंधित बीमारियों की रोकथाम पर पोस्टर प्रदर्शित करे और पर्चे वितरित किए जाएं। खुले में कक्षाएं नहीं चलाई जाएं। स्कूल शिक्षकों को गर्मी से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें और गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण आयोजित करें, जिन्हें वे कक्षाओं में प्रसारित कर सकें। स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में ओआरएस का भंडारण और अस्पताल में वार्ड और बिस्तर की व्यवस्था करें। लू के दौरान मरीजों की आमद को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती करना, अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के आसपास लू से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के सुझाव और गर्मी से बचने के तरीके प्रदर्शित करना आवश्यक है।

### मरीजों को बेहतर सहायता/एम्बुलेंस सक्षम मुहैया करना होगा

**इसी** तरह मरीजों को पर्याप्त उपकरणों के साथ स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक बेहतर आपातकालीन सहायता प्रणाली/एम्बुलेंस सक्षम करना होगा। एक्शन प्लान के अन्य घटकों में कुछ और एहतियाती उपाय शामिल किए गए हैं। मसलन- स्थानीय निवासियों को गर्मी की चेतावनी के दौरान सलाह देने के लिए एसएमएस संदेश प्रसारित करना। प्रमुख स्थानीय आयोजनों के दौरान जन जागरूकता पैदा करने के लिए एम्बुलेंस पर डिस्प्ले बनाना।

### हॉट स्पॉट पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा

**शहर** के हॉट स्पॉट का पता लगाना आदि। इसके तहत दिल्ली जल बोर्ड आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। दिल्ली जल बोर्ड पानी के पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था करेगा। बिजली कंपनियां दिल्ली में निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी। सभी क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलना और अपग्रेड करना तथा ढीले तारों को बदला जाएगा।

**गर्मी** के प्रकोप से दिल्लीवासियों को सुरक्षित रखने के लिए यह एक निर्णायक कदम है। सभी अस्पतालों को 24७7 आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और बुजुर्गों व बच्चों के लिए विशेष उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



**मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता**

### प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी

**समुदाय** और व्यक्ति सामुदायिक समूह, स्वयं सहायता समूह, वार्ड स्तरीय समितियां, गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूहों और आरडब्लूए, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी और नगर पालिकाओं में वार्ड समितियों जैसे संगठनों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। वन विभाग, डीडीए, एमसीडी, एनडीएमसी, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, एनटीपीसी, उच्च शिक्षा, डीएसआईआईडीसी, डीजेबी, बीएसईएस राजधानी में पौधरोपण की गतिविधियां को बढ़ावा देंगे। बागवानी और कृषि विभाग इन एजंसियों को पौधे उपलब्ध कराएंगे। श्रम विभाग नियोक्ताओं, बाहरी श्रमिकों और कामगारों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। बाहरी श्रमिकों की शिफ्ट बदली जाएंगी और पीक आवर्स से शेड्यूल बदले जाएंगे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनसमस्या सुनती हुई।

## ओटीटी पर एडल्ट कंटेंट सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह नीतिगत मसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ओटीटी पर एडल्ट कंटेंट को रोकने और उसके लिए नीति बनाने के लिए केंद्र सरकार को दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इसे नीतिगत मसला बताया है। जस्टिस बीआर गवई की बेंच के सामने एडवोकेट विष्णु शंकर जैन अपनी दलील रखने के लिए खड़े हुए तो जस्टिस गवई ने कहा कि यह तो नीतिगत मसला है।

## दिल्ली-एनसीआर में अगले पांच दिनों तक चलेगी लू




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अगले पांच दिनों तक लू चलने के आसार हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहेगा। यानी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को बुलेटिन में बताया कि 21-25 अप्रैल के दौरान मध्य भारत में लू चल सकती है। 22-26 अप्रैल के दौरान दक्षिण उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दक्षिण हरियाणा और दक्षिण पंजाब में गर्म हवाएं चलने का अनुमान है। इसके साथ 26 अप्रैल तक पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा जारी रह सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली एवं एनसीआर में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

### पूर्वी भारत में हो सकती है बारिश

**मौसम** विभाग ने बताया कि 21-26 तारीख के दौरान असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। 22-26 अप्रैल के दौरान अरुणाचल प्रदेश तथा 21 एवं 23 अप्रैल को नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी वर्षा होने की संभावना है। केरल और माहे में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे से लेकर 50 किमी प्रति घंटे तक की गति) के साथ छिटपुट से लेकर छिटपुट हल्की/मध्यम वर्षा हो सकती है।

# भाजपा ने राजा इकबाल सिंह को मेयर पद का उम्मीदवार बनाया

जय भगवान यादव को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार बनाया, दिल्ली में आआपा नहीं लड़ेगी मेयर का चुनाव, ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनना तय

**नामांकन**

इकबाल सिंह दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं। इससे पहले वह उत्तरी दिल्ली निगम के महापौर रह चुके हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दिल्ली महापौर और उप महापौर पदों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। सरदार राजा इकबाल सिंह महापौर और जय भगवान यादव उप महापौर पद के उम्मीदवार होंगे। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज यहां यह घोषणा करते हुए बताया कि राजा इकबाल सिंह और जय भगवान यादव आज ही नामांकन दाखिल करेंगे। इकबाल सिंह फिलहाल दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं। इससे पहले वह उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर रह चुके हैं। दिल्ली में 25 अप्रैल को होने वाले महापौर और उप महापौर पदों के चुनावों के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने इन दोनों पदों पर इस बार अपने उम्मीदवार उतारने से इनकार किया है। कांग्रेस आज उप महापौर पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 22 मार्च को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए 14 विधायकों को नामित किया। जिनमें 11 भाजपा और तीन आआपा के विधायक हैं।

**भाजपा** ने पहले भी दिल्ली नगर निगम का चुनाव रुकवाया और परिसीमन के दौरान वार्डों को इधर-उधर किया गया। परिसीमन के दौरान जबरदस्त गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया गया। इसके बावजूद भाजपा चुनाव हारी और निगम में आआपा की सरकार बनी। इसके बाद भी दिल्ली नगर निगम बैठकों में भाजपा पार्षदों द्वारा खूब तमाशा किया गया। उसके बाद हमने फैसला किया कि इस बार महापौर चुनाव में हम अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। आआपा दिल्ली नगर निगम में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी।



**मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष, आतिशी**

## 'तू है क्या चीज...देखते हैं कैसे जिंदा घर जाती है': पक्ष में फैसला न आने पर जज को धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका कोर्ट में हैरान करने वाली एक घटना हुई है। एक दोषी महिला ने ओपन कोर्ट में अपने पक्ष में फैसला न आने पर महिला न्यायाधीश को धमकी दी। साथ ही, अपशब्दों का इस्तेमाल किया। ऐसे में पूरी अदालत उस समय सन्न रह गई। एक चेक बाउंस मामले में सजा के बाद न्यायाधीश पर कोई वस्तु फेंकने की भी कोशिश की गई। इसके बाद उसने अपने वकील को निर्देश दिया कि वह अनुकूल फैसला दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

**लगाई ये धाराएं**
न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट) शिवांगी मंगला ने आरोपी को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 (चेक अनादर) के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया था। साथ ही, उसे अगली सुनवाई की तारीख पर धारा 437ए सीआरपीसी के तहत जमानत बांड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। 2 अप्रैल के आदेश में आरोपी ने न्यायाधीश से कहा कि तू है क्या चीज......तू बाहर मिल देखते हैं कैसे जिंदा घर जाती है।

## दुबे पर कार्रवाई के लिए वकील ने लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मंजूरी की मांग को लेकर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी को सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के वकील ब्रजेश सिंह ने अटार्नी जनरल से निशिकांत दुबे और पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक अंगमित्रा पॉल के खिलाफ भी अवमानना की कार्रवाई चलाने की मांग की है।

## बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को मिली अंतरिम राहत को 21 मई तक बढ़ा दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पूजा खेडकर को दिल्ली पुलिस के समक्ष 2 मई को पेश होने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने 18 मार्च को दिल्ली पुलिस से पूछा था कि आप जांच पूरी क्यों नहीं कर रहे हैं, जबकि पूजा खेडकर ने हलफनामा दाखिल कर जांच में सहयोग देने की बात कही है। तब दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि इस मामले में हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। तब कोर्ट ने पूछा था कि सामान्य पूछताछ और हिरासत में पूछताछ में क्या अंतर है। कोर्ट ने कहा था कि पूजा खेडकर ने फर्जी प्रमाण पत्र कहां से हासिल किया, ये जानना जरूरी है और इसके लिए हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है। वो फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करने की सरगना नहीं हैं।

# स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर ठीक रखा जा सकता है लिवर: जेपी नड्डा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री** जेपी नड्डा ने कहा कि अगर सभी स्वस्थ जीवन शैली अपनाए तो फैटी लिवर को रोका जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र से अपील को दोहराते हुए कहा कि खाना पकाने में तेल के उपयोग को कम से कम 10 प्रतिशत तक कम करें और मोटापे से लड़ने के बारे में लोग जागरूक हों। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सोमवार को मंत्रालय की ओर से लिवर स्वास्थ्य शपथ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम विश्व लिवर दिवस 2025 के अवसर पर निर्माण भवन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) अतुल गोयल, यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के. सरीन, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के सीईओ जी. कमला वर्धन राव भी उपस्थित थे। नड्डा ने कहा कि फैटी लिवर न केवल लिवर के कार्य को प्रभावित करता है, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और यहां तक ??कि कैंसर के जोखिम को भी काफी हद तक बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी खबर यह है कि फैटी लिवर को रोका जा सकता है और स्वस्थ जीवनशैली और स्वस्थ खान-पान की आदतों को अपनाकर काफी हद तक इसे ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अपनी "मन की बात" में राष्ट्र से खाना पकाने में तेल के उपयोग को कम से कम 10 प्रतिशत तक कम करने की अपील कर चुके हैं।नड्डा ने कहा कि यह छोटा लेकिन शक्तिशाली कदम बेहतर लिवर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और देश में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बोझ को कम करने में मदद कर सकता है। नड्डा ने सभी से "लिवर के स्वास्थ्य का ख्याल रखने, नियमित रूप से इसकी जांच करवाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने" का संकल्प लेने का आह्वान किया।




# आगजनी की घटनाओं से नुकसान को लेकर सरकार गंभीर

**निर्देश जारी**

- किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश, प्रभावित किसान संबंधित उपायुक्तों के समक्ष करें आवेदन
- नुकसान से प्रभावित किसानों को आगामी फसलों की बुआई के लिए बीज व खाद में मदद की जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में पिछले कुछ दिनों में खेतों में हो रही अचानक आगजनी की घटनाओं से फसलों व पशुओं को हुए नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए किसानों को मुआवजे देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां सिविल सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है। हमारी सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में हुई आगजनी की घटनाओं से फसलों या पशुओं सम्बंधित जान - माल का नुकसान हुआ है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी प्रभावित किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को भी निर्देश जारी किए हैं कि वे आगजनी से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट लें। प्रभावित किसान संबंधित उपायुक्तों के समक्ष आवेदन करें, ताकि उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया अमल में लाई जा सके।

## भ्रष्टाचार तो अपराध है ही, उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोकना-हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि भ्रष्टाचार तो अपराध है ही उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोके रखना है। ऐसे में अधिकारी विकास कार्यों की गंभीरता को समझें और बेवजह विकास कार्यों में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्या का समाधान निकालें और निडर होकर काम करें क्योंकि वे सरकार का चेहरा हैं और जनता को उनसे बहुत सी उम्मीदें हैं जिन पर उन्हें खरा उतरना है। कल्याण सोमवार को करनाल में सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व सीएम की घोषणाओं को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। कल्याण ने अधिकारियों से कहा कि समय पर विकास कार्य शुरू न करने वाले व अधूरा काम छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करें। इसके अलावा अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें ताकि कार्यों में पारदर्शिता नजर आए।

## मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना सेवा के अधिकार के दायरे में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। डीसी डाक्टर विरेन्द्र दहिया ने सोमवार को बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए ह्ममुख्यमंत्री मातृत्व सहायताह्न योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लडके को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

# अवैध खनन रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**कार्रवाई**

- कुल 3943 वाहनों की चैकिंग के दौरान 2 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार अवैध खनन के विरूद्ध कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। खनन विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा कुल 3943 वाहनों की चेकिंग के दौरान 2 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। प्रवक्ता ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 2766 वाहनों की चैकिंग कर 2 वाहनों को सीज किया गया जिस पर 4 लाख 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 482 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 609 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन का चालान कर 5500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 386 वाहनों की चैकिंग की गई।

## न्यूज फ्लैश

### तब्लीगी जमात का जलसा संपन्न, सेव गाजा व इजराइल प्रोडक्ट के बायकॉट के बैनर लहराए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह।** नूंह में सोमवार को तीन दिवसीय तब्लीगी जमात का जलसा संपन्न हो गया। जलसा के आखिरी दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पंडाल के गेट पर सेव गाजा और इजराइली सामानों के बायकॉट के बैनर लहराते हुए फिलिस्तीन के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई का विरोध जताया। नूंह में तीन दिवसीय तब्लीगी जमात के जलसा के लिए फिरोजपुर झिरका में 21 एकड़ जमीन पर जलसा के लिए टेंट लगाए गए थे। इसके अलावा 100 एकड़ भूमि पर आने वाले लोगों के लिए शौचालय, पार्किंग, खाना और अन्य इंतजाम किए गए थे।इस जलसे के अंतिम दिन मुस्लिम समुदाय के बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया। लगभग 21 एकड़ में लगा टेंट छोटा पड़ने पर लोगों ने पार्किंग क्षेत्र में नमाज अदा की। सोमवार को जमात के प्रमुख मौलाना साद ने जलसा समाप्ति की घोषणा की। जलसा में आए लोगों ने पंडाल के गेट पर सेव गाजा और इजराइली सामानों के बायकॉट के बैनर लहराये और फिलिस्तीन के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई का विरोध जताया। बैनरों के माध्यम से अपील की गई कि अगर हम जिहाद के लिए नहीं जा सकते तो फिलिस्तीन को दुआ में जरूर याद रखना। जलसा समाप्ति की घोषणा के बाद दिल्ली-अलवर रोड पर लंबा जाम लग गया। ढाई घंटे तक वाहन रेंग - रेंग कर चलते रहे। इस जलसे में लगभग पांच हजार वॉलंटियरों की ड्यूटी भी व्यवस्था के लिए लगाई गई थी। इस जलसा क्षेत्र में पुलिस को एंट्री नहीं दी गई। पुलिस ने बाहर से व्यवस्था को संभाला। दरअसल, तब्लीगी जमात की शिक्षा की शुरूआत नूंह से ही मानी जाती है। इसकी शुरूआत हजरत मौलाना इलियास कांधलवी ने की थी। 1926-27 में मौलाना इलियास कांधलवी ने नूंह से ही इस्लामिक शिक्षा के प्रचार की शुरूआत की थी। तब्लीगी जमात नूंह से शुरू होकर दुनिया के 150 से अधिक देशों में फैल चुकी है।

### सिर्फ दो अफसरों ने कर दिए दो लाख मजदूरों के प्रमाणीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में निर्माण मजदूरों के प्रमाणीकरण में गड़बड़ सामने आई है। बताया जा रहा है कि 2 अफसरों ने ही मिलकर करीब 2 लाख मजदूरों के प्रमाणीकरण कर दिए। इस पर श्रम मंत्री अनिल विज ने कंस्ट्रक्शन लेबर बोर्ड की बैठक के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। विज ने बैठक के बाद बताया कि कमेटी को जांच के लिए एक महीने का समय दिया गया है। जांच के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्माण मजदूरों को अपना पंजीकरण कराने के लिए श्रम विभाग, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन करना होता है। पंजीकरण शुल्क 25 रुपए है और मासिक अंशदान के रूप में 5 रुपए सदस्यता फीस है। आवेदन के साथ श्रमिक को परिवार का विवरण देना होता है। साथ ही 90 दिन का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण होना अनिवार्य शर्त है। इसी योजना में शामिल होने पर लाभार्थी को निर्वाह भत्ता, शिक्षा भत्ता, पेंशन, ऋण और दुर्घटना बीमा योजना सहित कई सुविधाएं मिलती हैं। अनिल विज ने सोमवार को जब निर्माण श्रमिक बोर्ड की बैठक ले रहे थे, उसी वक्त यह मामला सामने आया। मंत्री को जानकारी दी गई कि विभाग के दो अफसर निर्माण श्रमिकों के प्रमाणीकरण में गड़बड़ कर रहे है। उन्होंने नियमों को दरकिनार करते हुए 1.90 लाख लोगों का प्रमाणीकरण कर डाला। इस पर मंत्री विज ने दोनों अफसरों के नाम पूछे तो उन्हें नाम बता दिए गए। मंत्री ने पूछा कि दोनों ने कैसे किया ये गड़बड़झाला, तो अफसरों ने बताया कि इसके लिए जांच जरूरी है। इसके बाद मंत्री ने तीन मेंबर्स की कमेटी बनाने के निर्देश दिए।
श्रम मंत्री अनिल विज ने 3 सदस्यीय कमेटी में यूनियन की तरफ से सुनील ढिल्लो, नियोक्ता की तरफ से भूपेंद्र शर्मा और विभाग की ओर से संयुक्त सचिव एके देशवाल को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मामला गंभीर है। मंत्री ने कमेटी को सभी बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिए है। इनमें पता लगाया जाएगा कि कैसे दोनों अफसरों ने इतने प्रमाणीकरण कर दिए। नियम क्या है। क्या पैसे लेकर तो अपात्रों को योजना का लाभार्थी नहीं बना दिया। इस मामले में अन्य लोग तो शामिल नहीं। पूरे मामले की जांच एक माह में करने के निर्देश दिए है।

# कक्षा 9वीं व 11वीं परीक्षा अंक 25 मई तक होंगे अपलोड

**सुनिश्चित**

- आधिकारिक वेबसाईट पर दिए गए लिंक पर आई.डी./पासवर्ड से लॉगिन करना सुनिश्चित करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालय/गुरूकुलों/विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्र/छात्राओं के अंक 25 मई तक ऑनलाइन अपलोड किए जाने हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष ने सभी विद्यालय मुखियाओं को निर्देश देते हुए कहा है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालय/गुरूकुल/विद्यापीठ शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा के अंक 25 अप्रैल से 25 मई, 2025 तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर दिए गए लिंक पर आई.डी./पासवर्ड से लॉगिन करना सुनिश्चित करें।

# गंगवा ने पेयजल परियोजना का किया शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने जिला हिसार के बालावास गांव में एक महत्वपूर्ण पेयजल परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर नलवा के विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस परियोजना के अंतर्गत 250 मिमी की डक्टाइल आयरन पाइप से 11,400 मीटर की लंबाई में जल आपूर्ति लाइन बिछाई जाएगी। दो पंप सेट 2500 एलपीएम क्षमता के लगाए जाएंगे, जो 60 बीएचपी की शक्ति से 55 मीटर हेड तक पानी को पंप करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बालावास गांव में 681.65 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह जल आपूर्ति प्रोजेक्ट नलवा और बालावास क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा और यह जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति करेगा।

**'कच्चे पानी की परियोजना पर कार्य किया जाएगा'**

**रणबीर** सिंह गंगवा ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बीएनसी सिवानी फीडर के गांव नलवा एवं बालावास के जलघर हेतु कच्चे पानी की परियोजना पर कार्य किया जाएगा। इस जल परियोजना से इन ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है।

# श्रम कल्याण बोर्ड में कामगारों की शिकायतों से संबंधित जांच कमेटी का गठन

**बैठक**

- विज हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने हरियाणा भवन व अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से कामगारों से संबंधित शिकायतों व उनके पंजीकरण में अनियमितताओं व खामियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन करने के निर्देश दिए है और यह कमेटी तीन महीने के अंदर अंदर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी। विज आज हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विज ने तीन सदस्यीय कमेटी में यूनियन की तरफ से सुनील ढिल्लो, नियोक्ता की तरफ से भूपेंद्र शर्मा तथा विभाग की ओर से संयुक्त सचिव ए. के. देशवाल को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ब्लॉक स्तर पर कामगारों की सुनवाई के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर व हेल्प डेस्क दोनों अलग-अलग होने चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि पंचकूला, हिसार व सोनीपत में क्षेत्रीय स्तर पर कॉल सेंटर खोले गए हैं। विज ने स्पष्ट किया कि जिन श्रमिकों ने बोर्ड में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है और किन्हीं कारणों से उसका आवेदन रद्द हो जाता है तो उसकी फीस अवश्य वापिस की जानी चाहिए।

## सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री को भेजा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अपने संसदीय क्षेत्र सिरसा और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण रेलवे मुद्दों को शीघ्र सुलझाने का अनुरोध किया है। सैलजा ने सोमवार को भेज पत्र में सिरसा और कालांवाली रेलवे स्टेशनों के सुधार, साथ ही बठिंडा-दिल्ली किसान एक्सप्रेस के समय में बदलाव सहित विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। सिरसा रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक अहमियत को रेखांकित करते हुए सैलजा ने कहा कि स्टेशन पर पर्याप्त रेलवे भूमि उपलब्ध है, जहां पूर्व में लोको शेड और पानी की टंकी जैसी सुविधाएं रही हैं।

# मोदी कर रहे बाबा साहेब के सपने को साकार : कृष्णपाल



**समाज हित**

- बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार समाज हित का कार्य कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार समाज हित का कार्य कर रही है और शोषितों, पीड़ितों और दलितों को मजबूत करने का काम कर रही हैं । मोदी जी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटे हैं । बाबा साहेब जयंती के तहत सोमवार को बल्लभगढ़ में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बाबा साहेब के विचारों व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। गुर्जर ने बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, एन.आई.टी विधायक सतीश फागना, बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, जिला प्रभारी कमल यादव के साथ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।
इस अवसर पर सहित दलित समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्धजन और भाजपा मंडल अध्यक्षगण, एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गुर्जर ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देते हुए उनसे जुड़े 5 स्थलों -पंचतीर्थ- को विकसित करने का काम किया । इस मौके पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के खिअलाफ अभियान चलाया और दलितों के लिए शिक्षा और समानता का समर्थन किया।

# ओमेक्स सिटी द्वारा दो माह में लंबित मूल राशि का किया जाए भुगतान-कृष्ण लाल पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मूल राशि का दो माह में भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा ओमेक्स सिटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ओमेक्स सिटी पर बेवजह अतिरिक्त चार्ज लगाया गया है, तो उसे वापिस करवाया जाएगा।
विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार सोमवार को जिला रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति की बैठक में 13 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य 6 शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शिकायतकर्ता यशवीर इत्यादि की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि ओमेक्स सिटी द्वारा लंबित बिजली बिल की राशि, 33 केवी सब स्टेशन पावर हाउस इत्यादि के कार्य के लंबित राशि का दो माह में भुगतान करवाया जाए। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा ओमेक्स में रह रहे नागरिकों को लंबित राशि का भुगतान करने पर व्यक्तिगत बिजली मीटर जारी करने बारे कहा गया है।
ओमेक्स द्वारा 72 लाख रुपए से अधिक लंबित बिजली बिल का भुगतान करना है तथा 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बैंक गारंटी के तौर पर जमा करवानी है। ओमेक्स सिटी द्वारा भूमि का मालिकाना हक ट्रांसफर कर दिया गया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने अवैध रूप से चलाई जा रही फैक्ट्री को बंद करवाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि यदि शिकायतकर्ता ने आपसी समझौता कर लिया है तो समिति को गुमराह करने के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में 20 वर्ष से अधिक से शामलात भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया गया है।

# हरियाणा में शादी कर युवाओं के विदेश भागने के मामले बढ़े

**संज्ञान लिया**

- कई मामलों में तो विदेश में जाकर युवाओं ने दूसरी शादी भी रचाने की भी खबर है : महिला आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में युवाओं के शादी करके विदेश भागने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आयोग में ऐसी दो दर्जन शिकायतें आई हैं। कई मामलों में तो विदेश में जाकर युवाओं ने दूसरी शादी भी रचाने की भी खबर है। महिला आयोग में तीन ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें युवाओं ने धोखे से विवाह कर लिया और बाद में उनके समलैंगिक होने का पता लगा। महिला आयोग ने समलैंगिक से जुड़े दो मामलों में सुनवाई शुरू की हुई है। एक मामले में शिकायत करने वाली महिला हरियाणा पुलिस में अधिकारी है। वहीं उनके पति भी सरकार में क्लास-वन अधिकारी हैं। आरोपित को कई बार पेश होने का नोटिस दिया जा चुका है। आयोग ने इस मामले में मई के पहले सप्ताह में सुनवाई करने का निर्णय किया है। आयोग चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने सोमवार को बताया कि शिकायतकर्ता ने मानसिक व शारीरिक टॉर्चर करने के आरोप भी लगाए हैं। महिला को शादी के बाद इस बात का पता लगा कि उसके पति समलैंगिक हैं। इसी तरह के दूसरे मामले में हरियाणा पुलिस की एक महिला कर्मचारी अपने अपने पति के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत की है। आरोप है कि उसके पति ने भी धोखे में रखकर उसके साथ शादी की। विवाह के बाद महिला को यह पता लगा कि उसके पति समलैंगिक हैं। इस वजह से घर में झगड़ा शुरू हो गया। तीसरे मामले में महिला आयोग अभी इसलिए कार्रवाई नहीं कर रहा है क्योंकि दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता होने की उम्मीद है।

# नशा मुक्ति व अवैध इमिग्रेशन रोकने को लेकर लिए गए अहम निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा को सुरक्षित, अपराध मुक्त और भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय, पंचकूला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। बैठक में हिंसक अपराधों की रोकथाम, आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों पर सतर्क निगरानी, नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा को नशामुक्त बनाने की रणनीति, अवैध इमिग्रेशन पर कार्रवाई, वाहन चोरी पर नियंत्रण, पुलिस बल का प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, तथा नए



आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई।

**सड़क सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण पर विशेष जोर**

कपूर ने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, अतः सड़क दुर्घटनाओं को रोकना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दुर्घटना के कारणों की जड़ तक जाएं तथा कारणों की पहचान करते हुए उनके निवारण के लिए ठोस कदम उठाएं। सड़कों पर बने अवैध कट जो अक्सर घातक सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं उन्हें बंद करवाएं। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने व ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

**पुलिस बल का प्रशिक्षण और विशेष इकाइयों का गठन**

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण ही प्रभावी कार्यवाही की कुंजी है। सभी जिलों में हथियार संचालन, नियंत्रण तकनीकों और व्यावहारिक परिस्थितियों का प्रशिक्षण लगातार चलते रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक जिले में समर्पित स्वॉट टीमें गठित करने पर बल दिया। अवैध इमिग्रेशन मामलों में, उन्होंने आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को अधिकतम धनवापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वाहन चोरी और संगठित अपराध पर निगरानी

**मोटर** वाहन चोरी को बड़ी चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष टीम गठित कर निगरानी और समीक्षा तंत्र मजबूत किया जाए। अपराधियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि गैंग आधारित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपराधियों का वाहन चोरी का पैटर्न समझे और रिकवरी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। गंभीर अपराधों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कपूर ने कहा कि ऐसे मामले को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे मामलों की सूचना शीघ्रता से उनके संज्ञान में लाई जाए।

# 'अच्छा स्वास्थ्य पाना पूरी तरह आपके नियंत्रण में है' विषय पर दिए टिप्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद :**

**ब्रह्माकुमारीज** : मुख्यालय माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने कहा कि जिस प्रकार कंप्यूटर से फालतू फाईलें/ डाटा डिलीट करके हम उसकी स्पीड/ मैमोरी बढ़ा सकते हैं, ठीक उसी तरह अपने मस्तिष्क से फजूल की बातें डिलीट करके हम दिमाग को शांत एवं तरोताजा रख सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम अपनी दिनचर्या में राजयोग को अपनाएंगे। वे सोमवार को ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' के दूसरे दिन 'अच्छा स्वास्थ्य पाना पूरी तरह आपके नियंत्रण में है' विषय पर जीवनयापन के महत्वपूर्ण टिप्स दे रहे थे।




**टिप्स**

**ठीक उसी तरह अपने मस्तिष्क से फजूल की बातें डिलीट करके हम दिमाग को शांत एवं तरोताजा रख सकते हैं**

ब्रह्माकुमारीज शाहाबाद एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद के विधायक रामकरण काला, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी डॉ श्याम सुंदर आहूजा, हरियाणा सरकार से सर्वश्रेष्ठ अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद के प्रिंसीपल लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री, आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद की प्रिंसीपल संगीता सेतिया व पूर्व प्रिंसीपल मंजू नारंग, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरींडवा के प्रिंसीपल कुलदीप सिंह, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी व नीजा दीदी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और सभी को म्यूजिकल एक्सरसाइज भी करवाई गई। डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'अच्छे स्वास्थ्य' के लिए अहम गुर देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान प्रकिया से हम अपने स्वास्थ्य को श्रेष्ठ बना सकते है। मस्तिष्क को शान्त, स्थिर एवं हल्का रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या राजयोग को शामिल करना होगा। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद की प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह बताना है कि खुशियां हमारा इंतजार कर रही है।

## बुध पूर्णिमा पर जागरण में सांसद सतपाल ब्रहमचारी करेंगे ज्योत प्रज्जवलित

**गन्नौर। बुध पूर्णिमा के** अवसर पर 12 वां विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन 11 मई को हरिद्वार में स्वामी शालीग्राम घाट पर किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी भगवतदयाल कौशिक ने बताया कि 11 मई को जागरण के बाद 12 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जागरण में रणबीर कौशिक बड़वासनी, प्रवीन कौशिक, तुषार कौशिक एंड पार्टी भजनों से माता के भजनों का गुणगाण करेंगे। ज्योत प्रज्जवलित सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रहमचारी, पार्षद हरिद्वार महाबीर शर्मा, पंकित कौशिक करेंगे। इसके अलावा बड़ी गांव के सरपंच अरूण त्यागी, सुनीता शर्मा दिल्ली, राजबीर जेई, सीए अंकित कौशिक,पार्षद अंकित त्यागी, जयपाल मलिक मौजूद रहे।

# टेहा को नपा में शामिल करने की मांग उठी, ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर : हलका विधायक देवेंद्र** कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। सुबह से ही लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने पेंशन में देरी की शिकायत की। किसी ने बिजली-पानी की परेशानी बताई। कई लोग गली-सड़कों की खराब हालत से परेशान थे। विधायक ने हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। संबंधित अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिए। कुछ मामलों में खुद फॉलोअप करने का भरोसा भी दिया। लोगों ने विधायक की कार्यशैली और समयबद्धता की सराहना की। कहा, अधिकतर नेता केवल औपचारिकता निभाते हैं, लेकिन विधायक कादियान जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हैं। विधायक ने कहा, जनता की समस्या का समाधान करना उनका धर्म है। वह ईमानदारी से काम कर रहे हैं ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। जनता दरबार में टेहा गांव के लोगों ने डेढ़ सौ लोगों के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि टेहा गांव को नगरपालिका के अधीन लिया जाए। ताकि शहर की तरह गांव का विकास हो सके। ग्रामीणों ने इस पर सहमति जताई। उमेदगढ़ ग्राम पंचायत ने पीडब्ल्यूडी रोड से पावर हाउस तक नाला निर्माण की मांग रखी। पुरखास राठी गांव के लोगों ने सरढ़ाना माइनर नंबर 13 में चिन्हित जगह पर खाल की हालत बेहद खराब बताई। इसे पक्का और 9 इंच चौड़ा करने की मांग की गई।



## आइटीआई में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
करनाल। बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि सोमवार को संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में लर्सन एण्ड टूब्रो, सोनालिक ट्रैक्टर लिमिटेड, गुडरिच एग्रोकेम, वास्तु आर्किटेक्चर, पॉल इलेक्ट्रिकल्स व जिंदल किचन कंपनियों के स्थित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रों-छात्राओं ने बढ़-चढकर कर भाग लिया।

# विहिप ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विश्व हिंदू परिषद गन्नौर द्वारा बंगाल में हिंदुओं पर हो अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन के बाद एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ममता बेनर्जी सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान परिषद के पदाधिकारी व युवा गन्नौर रेलवे स्टेशन से तहसील तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। ज्ञापन में बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, बंगाल की हिंसा की जांच करवाकर दोषियों को दंड दिया जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था। विहिप प्रखंड मंत्री सुरेंद खुराना प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी बजरंग दल संयोजक धर्मबीर शर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है,उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा।

**विरोध**

**प्रदर्शन के दौरान परिषद के पदाधिकारी व युवा गन्नौर रेलवे स्टेशन से तहसील तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे**

# विधायक ने जनता दरबार में सुनी हलके के लोगों की समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। सुबह से ही लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने पेंशन में देरी की शिकायत की। किसी ने बिजली-पानी की परेशानी बताई। कई लोग गली-सड़कों की खराब हालत से परेशान थे। विधायक देवेन्द्र कादियान ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया और अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिए। विधायक ने कहा, जनता की समस्या का समाधान करना उनकी जिम्मेदारी है। उमेदगढ़ ग्राम पंचायत ने पीडब्ल्यूडी रोड से पावर हाउस तक नाला निर्माण की मांग रखी। पुरखास राठी गांव के लोगों ने सरढ़ाना माइनर नंबर 13 में चिन्हित जगह पर खाल की हालत बेहद खराब बताई। इसे पक्का और 9 इंच चौड़ा करने की मांग की गई। बली कुतुबपुर से चमराड़ा रोड की हालत खराब होने पर दोबारा निर्माण की मांग की गई। दरबार में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।



**पेशकश की**

**बली कुतुबपुर से चमराड़ा रोड की हालत खराब होने पर दोबारा निर्माण की मांग की गई**

## किसान के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की

**गन्नौर। अगवानपुर** गांव में खेत मे जा रहे किसान के ऊपर कुछ व्यक्तियों ने मिलकर हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जाते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में अगवानपुर निवासी विजय ने बताया कि वह अपने घर से खेत मे जा रहा था।

# कार की टक्कर से युवक की मौके पर मौत, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गन्नौर- शाहपुर** रोड पर एक ढाबे पर खाना खाकर निकले रहमाणा गांव के युवक की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव रहमाणा के दीपक ने बताया कि 20 अप्रैल की शाम को करीब 9 बजे अपने ताऊ का लड़के नवीन के साथ किसी काम से गन्नौर आ रहे थे रास्ते में खुबड़ू- भावर मोड़ के पास एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके थे, जब खाना खाकर बाहर सड़क पर आए तो गन्नौर की तरफ से सफेद रंग की और हुंडई कार चालक तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए आया और सीधी टक्कर मेरे भाई नवीन को मारी। नवीन के हाथ पैर और सिर में काफी चोटें लगी। कार चालक अपनी कार को लेकर मौके से भाग गया। नवीन को ज्यादा चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# बंद मकान में लाखों की चोरी, जांच जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर की पालम** कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। यहां पर पहले चोरों ने चावल बनाकर खाए, बाद में आराम से घर में रखे सोने चांदी के आभूषण, नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ करके फरार हो गए। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पालम कॉलोनी निवासी प्रियंका केथवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले तीन साल से यहां पर किराए के मकान में रहती है। उसका बेटा सुरेश काफी दिन से बीमार चल रहा था। जिसके चलते उसे करनाल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। कल रात को वह खाना बनाने के बाद बेटे के पास अस्पताल में चली गई।



# हकेवि को मिला प्रतिष्ठित साइबर सेफ इंडिया अवार्ड 2025

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय** (हकेवि), महेंद्रगढ़ को तकनीकी विकास के परिणामस्वरूप आवश्यक साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल जागरूकता के लिए नवाचार, श्रेष्ठ व सतत प्रयास तथा सुरक्षित वातारण के निर्माण हेतु आस्ता फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा ह्यसाइबर सेफ इंडिया अवार्ड 2025ह्य से सम्मानित किया गया है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को साइबर सेफ इंडिया विषय पर केंद्रित कॉनक्लेव में ओडिशा सरकार के लॉ वर्क्स एंड एक्साइज मंत्री मंत्री श्री पृथ्वीराज हरिचंदन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग व आस्ता फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. स्टॉलिन मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। ह्यसुरक्षित डिजिटल भविष्य के निर्माण में सहयोग, नवाचार व सुरक्षाह्य विषय पर केंद्रित इस कॉनक्लेव में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बदलते समय में तकनीकी विकास और इसके परिणाम स्वरूप साइबर सिक्योरिटी के मोर्चे पर आवश्यक सुरक्षा के लिए जारी प्रयासों का उल्लेख किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के स्तर पर निरंतर जारी साइबर सिक्योरिटी व इसके लिए आवश्यक उपायों व नवीनतम प्रयासों से भी अवगत कराया। प्रो. टंकेशवर कुमार ने आस्ता फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को समय की माँग बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से अवश्य ही इस दिशा में जारी प्रयासों को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि यह अवार्ड विश्वविद्यालय के द्वारा जारी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार का प्रमाण है। विश्वविद्यालय निरंतर साइबर सिक्योरिटी, वित्तीय कार्यक्रमों का आयोजन करता है और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में तकनीकी प्रयोग को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है।



## नंबरदारों ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। तहसील प्रांगण में सोमवार को नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान नंबरदार राजकुमार जांगड़ा खातोदडा ने की। मुख्यमंत्री के नाम सीएम विंडो व एसडीएम के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। नंबरदार राजकुमार जांगड़ा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिस प्रकार चुनाव से पहले नंबरदारों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा, उसे वादे को निभाए। प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार के मुखिया हैं, इसलिए अपने किए हुए वचन अनुसार नंबरदारों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करें।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के नवनियुक्त महासचिव महेश का हुआ नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर निवासी महेश जोशी को हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी का महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के प्राचीनतम मंदिर मोदाश्रम में नगर के गणमान्य लोगों द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। यह जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार जब जोशी नगर में पहुंचे तो सर्वप्रथम अपने आराध्य देव भोले शंकर का आशीर्वाद लेने मोदाश्रम मंदिर पहुंचे। वहां नगर के सर्व समाज के लोगों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। सर्वप्रथम मोदाश्रम के प्रधान सुधीर दीवान ने नगर की ओर से पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान समस्त जोशी परिवार द्वारा भी महेश जोशी को पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इसके बाद सभी समाज के लोगों ने माला, पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया। उनका सम्मान करते हुए सुधीर दीवान और अमित मिश्रा ने कहा कि महेश जोशी का जीवन सदैव समाज को समर्पित रहा है। विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप ने महेश जोशी ने अपनी एक अलग पहचान प्रदेश भर में बनाई है। इनको यह जिम्मेदारी और सम्मान मिलना नगर और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। महेश जोशी ने कहा कि मुझे संगठन ने यह जिम्मेदारी प्रदेश के गरीब और असहाय लोगों की सेवा करने के लिए दी है। इस जिम्मेदारी को बहुत मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। संगठन ने जो मुझ पर विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास रहेंगा। इस अवसर पर एबीवीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री, पूर्व प्रदेश मंत्री विक्रम कोका, सुरेश वर्मा, सुनील यादव, कृष्ण चेयरमैन, ओमप्रकाश टांक, रविदत्त तिवारी, सुरेश शर्मा, राजेश सैनी पार्षद, राजेश दीवान, सूर्यप्रकाश कौशिक, मोतीलाल अरोड़ा, महावीर भंडोरिया, अशोक मांढिया, ईश्वर सोनी, मुरारीलाल, राजीव जेरपुरिया, कुलदीप शर्मा, नरेश जोशी, मास्टर अशोक यादव, पवन भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा, भूषण जोशी, प्रवीण जोशी, अनिल तिवारी, जुगल सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, नरेंद्र जोशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



**लोगों की सेवा**

**मुझे संगठन ने यह जिम्मेदारी प्रदेश के गरीब और असहाय लोगों की सेवा करने के लिए दी है**

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता से जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल, गन्नौर में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्रतिज्ञा, विचार,विषय संबंधी अंग्रेजी-हिन्दी वार्ता,मुख्य समाचार और पृथ्वी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। इसके अलावा, छात्रों ने पृथ्वी के महत्व और संरक्षण पर प्रश्नोततरी, नृत्य और अन्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया और उन्होंने पृथ्वी के संरक्षण के महत्व बारे बताया। उन्होंने छात्रों को पृथ्वी को बचाने और उसकी सुरक्षा के लिए अपने दैनिक जीवन में कुछ छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को पृथ्वी के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इससे छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद मिलेगी।



# जिला में 7 लाख 17 हजार 919 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक निरंतर जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे और मंडी में खरीद व्यवस्था सुचारू ढंग से चल रही है। उन्होंने बताया कि रविवार तक जिला में करीब 7 लाख 17 हजार 919 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसमें से ह्हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 23553 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

# हकेवि में पाँच दिवसीय ज्ञान पाठ्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा ह्यदक्षिण एशिया से अंतरराष्ट्रीय प्रवासनः परिप्रेक्ष्य और नीतियाँह्य विषय पर पाँच दिवसीय ह्यज्ञानह्य (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ अकादमिक नेटवर्क्स) पाठ्यक्रम की सोमवार का शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत आयोजित ज्ञान कार्यक्रम का उद्घाटन विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने किया। कुलपति ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के वैश्विक अकादमिक सहभागिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। पाठ्यक्रम समन्वयक एवं समाजशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य डॉ. रीमा गिल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ह्यज्ञानह्य पाठ्यक्रम का उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से जोड़कर शिक्षण और शोध की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाना है। यह पहल शैक्षणिक संसाधनों के विस्तार, सुधारों के प्रोत्साहन और वैश्विक स्तर पर भारत की अकादमिक स्थिति को सशक्त बनाने की दिशा में मददगार है। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम दक्षिण एशिया से प्रवासन के विभिन्न पहलुओं को लेकर समावेशी संवाद और शोधपरक समझ को बढ़ावा देगा।
आयोजन में विशेषज्ञ यूनिवर्सिटी ऑफ द वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड की डॉ. राधा अधिकारी ने आयोजन के पहले दिन दो सत्रों में ह्यदक्षिण एशियाई प्रवासन का इतिहास और चरणः उपनिवेशवाद से वैश्वीकरण तकह्य तथा ह्य21वीं सदी में दक्षिण एशियाई प्रवासनः वर्तमान प्रवृत्तियाँ और चिंताएँह्य विषय पर व्याख्यान दिए। इसी क्रम में दूसरे विशेषज्ञ पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर प्रो. राजेश गिल ने ह्यजातीयता, पहचान और प्रवासनः दक्षिण एशियाई परिप्रेक्ष्यह्य तथा ह्यउपभोक्तावाद और अंतरराष्ट्रीय प्रवासनह्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। हकेवि में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल चंदेल ने ह्यज्ञानह्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। समाजशास्त्र विभाग की ओर से डॉ. युधवीर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



## संपादकीय

# रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

**भारत** एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा' निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं' भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए ' अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है।

# मनुष्य और प्रकृति का रिश्ता है शाश्वत !

राजेश माहेश्वरी

> "कहना गलत नहीं होगा कि अंधाधुंध विकास ने हमारे पूरे प्राकृतिक चक्र को बिगाड़ कर रख दिया है।हम जल, जंगल और जमीन का संरक्षण कृतसंकल्पित होकर नहीं कर पा रहे हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में शुरू से ही प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्त्व दिया गया है और यहां तक कहा गया है कि 'माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या:' अर्थात यह पृथ्वी ही हमारी माता है और हम सभी देशवासी इस धरा की संतान हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में वृक्षों, जल, वायु, अग्नि, नदियों, समुद्र, और धरती को पूज्य माना गया है। आज कुंआ, सरोकार, तालाब, झीलें, जोहड़ पहले की तुलना में कम रह गये हैं,उनका पुनरूद्धार नहीं हो पा रहा है। वास्तव में, आज पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए सामूहिक और व्यापक-आधारित कार्रवाई की जरूरत है"

**हाल** ही में जम्मू-कश्मीर में बादल फट जाने से बहुत तबाही मची।सच तो यह है कि प्रकृति समय-समय पर मानव को अपना प्रकोप दिखा रही है और कहीं न कहीं मानव को आगाह कर रही है कि अभी भी यदि हमने अपने पर्यावरण और प्रकृति पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में हमें और भी अधिक प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना पड़ सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार हाल ही में रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में 20 अप्रैल को सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। बादल फटने की इस दुखद घटना(तीन लोगों की मौत पर) पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं।नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सरकार से प्रभावित परिवारों को पर्याप्त राहत प्रदान करने के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता का अनुरोध करने की बात कही है। बहरहाल, जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में की दिनों से बारिश हो रही है और बादल फटने से अचानक बाढ़ आने के कारण पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। किश्तवाड़ में तो पूरा पहाड़ दरक गया बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड(भूस्खलन) हुई हैं। इसके कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बारिश व लैंडस्लाइड के कारण सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं और किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। पाठक जानते होंगे कि भूकंप, बाढ़, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट, भूस्खलन, सूखा, हिमस्खलन, ओलावृष्टि, और तूफान जैसी घटनाएं प्राकृतिक प्रकोप या आपदाओं के अंतर्गत आतीं हैं। इससे हमारे पर्यावरण, हमारी पारिस्थितिकी, मानव को तो नुकसान होता ही है, ऐसी घटनाओं से आर्थिक नुकसान भी पहुंचता है। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्राकृतिक



आपदाओं के कारण दबाव बढ़ता है। हालांकि, प्रकृति का मनुष्य के पास आज भी कोई तोड़ नहीं है और हम प्रकृति का कभी सामना नहीं कर सकते हैं। प्रकृति के प्रकोपों के लिए कहीं न कहीं हम मानव ही कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम किसी भी हाल और परिस्थितियों में प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करें ,क्योंकि प्रकृति मनुष्य के साथ ही धरती के सभी जीव-जंतुओं के लिए बहुत अहम और महत्वपूर्ण है। पाठक जानते हैं कि प्रकृति से हमें भोजन, पानी, दवा, ईंधन, आश्रय, और ऑक्सीजन प्राप्त होती है।सच तो यह है किप्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व नहीं रह सकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 'दश कूप समा वापी, दशवापी समोह्रदः। दशह्रद समः पुत्रों, दशपुत्रो समो द्रमुः।।' इसका भावार्थ यह है कि एक पेड़ दस कुओं के बराबर,एक तालाब दस सीढ़ी के कुएं के बराबर, एक बेटा दस तालाब के बराबर, एक पेड़ दस बेटों के बराबर होता है। बहरहाल,यह प्रकृति ही के कारण है कि इस धरती पर हमारा, जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का अस्तित्व संभव है। आज मनुष्य अपने स्वार्थों और लालच के चलते प्राकृतिक संसाधनों का असीमित और अंधाधुंध दोहन कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्राकृतिक संसाधनों का संयमी इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। प्रकृति में संसाधनों की कमी नहीं है, यदि हम इनका विवेकपूर्ण तरीके से और संयमी इस्तेमाल करें। आज हम कहने को तो प्रकृति के प्रति जागरूक हैं, लेकिन सच तो यह है कि हम लगातार खनन, पेड़ों की कटाई, पानी व खनिज संसाधनों का दोहन करने में लगे हैं। विकास के नाम पर हमने प्रकृति को आज कहीं का नहीं छोड़ा है। आज अंधाधुंध प्रदूषण (मिट्टी, वायु,जल) फैलाया जाता है, लेकिन इसको ढंग से प्रबंधित नहीं किया जाता है। जीवाश्म ईंधन जलाया जाता है, जैसा कि आबादी बढ़ने के साथ ही इसमें अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, हालांकि आज जीवाश्म ईंधन को कम करने के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों और अन्य ईंधनों पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन हमें प्रकृति संरक्षण के लिए और अधिक आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है।सच तो यह है कि आज मानव को जरूरत इस बात की है कि वह प्रकृति से नाता जोड़ें और लालच और स्वार्थ से नाता तोड़े। वास्तव में हम मनुष्यों ने आज पर्यावरण और प्रकृति का बहुत बड़ा नुकसान किया है। कहना गलत नहीं होगा कि अंधाधुंध विकास ने हमारे पूरे प्राकृतिक चक्र को बिगाड़ कर रख दिया है।हम जल, जंगल और जमीन का संरक्षण कृतसंकल्पित होकर नहीं कर पा रहे हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में शुरू से ही प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्त्व दिया गया है और यहां तक कहा गया है कि 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' अर्थात यह पृथ्वी ही हमारी माता है और हम सभी देशवासी इस धरा की संतान हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में वृक्षों, जल, वायु, अग्नि, नदियों, समुद्र, और धरती को पूज्य माना गया है। आज कुंआ, सरोकार, तालाब, झीलें, जोहड़ पहले की तुलना में कम रह गये हैं,उनका पुनरूद्धार नहीं हो पा रहा है। वास्तव में, आज पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए सामूहिक और व्यापक-आधारित कार्रवाई की जरूरत है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक सीमाओं के पार लोगों को शामिल करने वाले संरक्षण प्रयासों की जरूरत है। आज जरूरत इस बात की है कि हम प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनें। हमें वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन करना होगा। बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि आज हमने अंधाधुंध विकास को ही सब कुछ मान लिया है, जिसका परिणाम हमारे सामने है। आज धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, प्रदूषण के बारे में तो कहना ही क्या ? हमने नदियों के जल को पानी या विद्युत स्त्रोत मान कर उनका दोहन किया। नदियों को प्रदूषण का केंद्र बना डाला है। मिट्टी, वायु प्रदूषित हो चुके हैं। हम फसलों के अवशेषों को जलाते हैं। सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग कम करते हैं। अंधाधुंध निर्माण कार्य कर रहे हैं। वास्तव में पहले के जमाने में हमारा प्राकृतिक दुनिया के प्रति गहन सम्मान था और हम पारिस्थितिकीय परस्पर निर्भरता के प्रति जागरूक थे, शायद आज उतने जागरूक और संवेदनशील हम नहीं रहे, क्यों कि इसमें हमारा स्वार्थ और लालच आड़े आ गया है।हम प्रकृति से सबकुछ छीन कर अपनी गोदी में भर लेना चाहते हैं। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि आज हम मानव समाजों के साथ-साथ पर्यावरण के अस्तित्व और कल्याण की गारंटी पर कृतसंकल्पित होकर ईमानदारी से काम करें। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि जम्मू-कश्मीर में जो तबाही आईं है, उसके लिए कहीं न कहीं स्थानीय प्रशासन, वन विभाग और जिला प्रशासन की लापरवाही, मिलीभगत या भ्रष्टाचार को जिम्मेदार माना जा सकता है।

वास्तव में, आज हमारा समाज इतना लालची व स्वार्थी हो गया है कि इसे अपनी आने वाली पीढ़ियों की भी कोई परवाह नहीं रह गईं है। आज हम प्रकृति को संरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। क्या यह हमारे की विडंबना नहीं है कि आज हमारे देश में गोचर भूमि ,वन भूमि पर अत्यधिक अतिक्रमण हो रहे है। वहां कंक्रीट की दीवारें (आवासीय भवन) खड़े किए जा रहे है। आज पशु-पक्षियों, पेड़ों , वनस्पतियों की अनेक जातियाँ लुप्त होती जा रही हैं। हमारे जल स्त्रोत आज कचरादान बनते जा रहे है।

## कविता

**जिंदगी बस एक किरदार रह गई है।।**

मुफलिसी अब रिश्तेदार हो गई है
फकीरी अब बेशुमार हो गई है।।

जाने कितने रंग बदले किस्मत ने
तंगहाली अब मेरा संसार हो गई है।।

कद्रदान भी अब संगदिल हो गए
गदीर्शी ही गले का हार हो गई है।।

नंगे पैर चलने से कांटे चुभते रहे।
राहें भी अब बड़ी रंगदार हो गई है।।

जिनके हाथों में यहां दौलत-हुकूमत।
वो सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।

आप करें प्यार या बेशक नफरत।
जान तुम पर जानिसार हो गई है।।

मालूम है आपकी असली हकीकत।
रंगमंच की मंजी कलाकार हो गयीं हैं।।

जाने कितने रंग बदले जिन्दगी ने
जिंदगी बस एक किरदार रह गई है।।

संजीव ठाकुर

## जलवायु परिवर्तन और युवा शक्ति

**रामानुज पाठक सतना**

**21वीं** सदी मानव इतिहास के उस मोड़ पर खड़ी है जहाँ विज्ञान, तकनीक और वैश्विक सहयोग ने अभूतपूर्व प्रगति की है, परंतु साथ ही साथ मानवता ने अपने अस्तित्व के लिए गंभीर संकट भी खड़ा कर लिया है–और वह संकट है जलवायु परिवर्तन। यह संकट केवल मौसम का परिवर्तन नहीं, बल्कि पारिस्थितिक तंत्रों का विघटन, जैव विविधता का ह्रास, जल स्त्रोतों की कमी, खाद्य सुरक्षा पर खतरा और लाखों लोगों के लिए विस्थापन का कारण बनता जा रहा है। यह एक ऐसा संकट है जो सीमाओं, धर्मों, जातियों और वर्गों से परे, समस्त मानवता को प्रभावित कर रहा है।

यह समस्या जितनी व्यापक है, समाधान भी उतना ही समावेशी और विज्ञान-सम्मत होना चाहिए। केवल सरकारों के नीति-निर्धारण से बात नहीं बनेगी; जब तक समाज–विशेषतः युवा पीढ़ी–इस परिवर्तन की अगुआई नहीं करती, तब तक सार्थक परिणाम असंभव हैं। युवा न केवल भविष्य के कर्णधार हैं, बल्कि वर्तमान में भी सामाजिक बदलाव की धुरी बन सकते हैं। उनकी वैज्ञानिक समझ, नवाचार की क्षमता, और तकनीकी साक्षरता जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक शक्तिशाली साधन बन सकती है।अंतरसरकारी पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज( आई पी सी सी)की नवीनतम छठवीं असेसमेंट रपट 2023 के अनुसार 1880 के बाद से पृथ्वी की सतह का औसत तापमान लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है, और पिछले चार दशकों में प्रत्येक दशक पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक गर्म रहा है।आर्कटिक क्षेत्र में तापमान वृद्धि वैश्विक औसत से चार गुना अधिक हो रही है–जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं और समुद्र स्तर तेजी से बढ़ रहा है।समुद्री बर्फ (सी आइस) की औसत गहराई और घनत्व में 1979 के बाद से 40 फीसद की कमी दर्ज की गई है।2023 में भारत ने 2.9 गीगाटन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन किया, जो वैश्विक उत्सर्जन का 7 फीसद है–हालाँकि भारत की प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर अभी भी विकसित देशों की तुलना में बहुत कम है (करीब 2 टन/व्यक्ति/वर्ष, जबकि अमेरिका में यह 14 टन/व्यक्ति/वर्ष है)।

1950 के बाद से वैश्विक स्तर पर चरम मौसमी घटनाओं में 300 फीसद की वृद्धि हुई है ,जैसे अतिशय गर्मी (हीटवेव) सूखा, बाढ़ और जंगलों में आग।अंतरसरकारी पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आई पी सी सी) की 2023 की रपट विश्व के लिए चेतावनी की घंटी है।

रपट के अनुसार, औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक औसत तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है, और अगर हरित घर (ग्रीनहाउस )गैसों का उत्सर्जन इसी गति से जारी रहा, तो 2030 तक यह वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगी–जो पारिस्थितिकीय असंतुलन की एक सीमा रेखा मानी जाती है। हर दशक में वैश्विक तापमान में औसतन 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो रही है।

## विचार

# पृथ्वी का दोहन कब तक...?

**सुरेश सिंह बैस**

**आज** पृथ्वी पर पर्यावरण प्रदूषण इतनी तीव्र गति से हो रहा है, कि वर्तमान में इसका कोई भी कोना चाहे वह ध्रुव प्रदेश हो या समुद्री तल हो या अंतरिक्ष क्षेत्र सहित सभी जगहों पर मानव ने अपरिमित गंदगी फैला कर पृथ्वी की युगों से अनवरत चली आ रही व्यवस्था में खलल उत्पन्न कर दिया है। अब तो यह स्थिति है कि हमारी पूरी पृथ्वी का ही भविष्य दांव पर लग गया है। पृथ्वी पर इतना ज्यादा मनुष्य ने लालच और शक्ति की चाहत में हर प्रकार से लूट मचाई हुई है। जिसका परिणाम है कि आज पृथ्वी बंजर हो रही है। समुद्र गंदे हो गए हैं। जल थल नभ सभी प्रदूषित हो गए हैं। विश्व का पर्यावरण पूरी तरह से खराब हो चुका है। मनुष्य पृथ्वी पर जन्म लेता है। उसके मिट्टी में खेल कूद कर बड़ा होता है। पृथ्वी उसके आहार की व्यवस्था अपने वनस्पतियों से करती है। एवं अमृततुल्य शीतल जल अपना हृदय निचोड़ कर देती है। प्रतिपल जीवन के लिए अति आवश्यक प्राणवायु का संजीवनी भी प्रदान करती चली आ रही है। अपने पूरे जीवन भर मनुष्य पृथ्वी से केवल और केवल लेता ही रहता है। वापस उसे कुछ भी नहीं देता । आखिर में अंततः जीवन के अंत में उसी की गोद में ही मृत्यु हो जाने पर चिरनिंद्रा का आश्रय भी पाता है। ऐसी जगत माता पृथ्वी के प्रति कर्तव्यों और दायित्वों को भूलकर मनुष्य छुद्र स्वार्थों के वशीभूत होकर वह अपनी मां के जीवन को ही खत्म करने पर तुल गया है। यह जानते हुए भी कि मां ही नहीं रहेगी तो उस पर हर कार्यों के लिए आश्रित पुत्र यानी मानव का तो नामोनिशान ही नहीं रह जाएगा। उसके दोषों का दुष्परिणाम अन्य जीव जंतु व जानवरों को भी निर्दोष होते हुए भी भुगतना पड़ेगा। यह सब जानते हुए भी मनुष्य पृथ्वी को विनाश के कगार पर धकेले चला जा रहा है। पृथ्वी पर आज की तारीख में कोई खतरा सबसे ज्यादा है तो वह है स्वयं मनुष्य, इसके बाद पर्यावरण प्रदूषण तथा कमजोर होती जा रही जीवनदायिनी ओजोन की परतों से है। जो कि कई जगहों पर अब "ओजोन होल" का रूप ले चुका है। ओजोन की परत के घटने के कुप्रभाव का अंदाज सिर्फ इससे ही लगाया जा सकता है कि पराबैंगनी किरणें पृथ्वी की सतह पर सीधे पहुंचकर जीव जंतुओं के लिए अत्यधिक हानिकारक साबित होगी। जीव जंतुओं में कई प्रकार की बीमारियां फैल जाएंगी वहीं वनस्पति जगत में भी विकृतियां पैदा हो जाएंगी। कई शैवाल और प्लैक्टन आदि नष्ट हो जाएंगे। वही अंधाधुंध वनस्पतियों का नाश करना भी मनुष्य नहीं छोड़ रहा है। आज जंगल के जंगल खत्म होते चले जा रहे हैं। पेड़ पौधे एवं वनस्पतियों का संसार दिन ब दिन छोटा होता चला जा रहा है । यह भी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए अत्यधिक नुकसानदायक हो रहा है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन की प्रतिशत मात्रा बीस प्रतिशत से भी कम होने लगी है । और अनुपयोगी कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में बढ़ोतरी पर बढ़ोतरी होती जा रही है। फलतः पृथ्वी का तापमान आसामान्य रूप से काफी गर्म हो रहा है। पृथ्वी के असामान्य रूप से गर्म होने की स्थिति को हम ग्रीनहाउस इफेक्ट अथवा ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी के ध्रुवों का बर्फ पिघल कर समुद्र स्तर को बढ़ा रहा है । और कई तटीय इलाकों के प्रदेशों को लीलता चला जा रहा है। भू वैज्ञानिकों ने तो यहां तक कह दिया है कि आगामी पचास वर्षों के अंदर ही भारत के कई तटीय इलाके समुद्र में डूब जाएंगे। साथ ही दुनिया के कई देश उदाहरणार्थ मालदीव्स, श्री लंका , कैरेबियन देश सहित कई छोटे छोटे द्वीप भी समुद्र के अंदर समा जाएंगे। अनेक छोटे छोटे द्वीपों और समुद्र किनारे के देशों को ग्लोबल वार्मिंग जलमग्न कर देगा।स न्हें अगर बचाना है तो हमें मुख्य रूप से वाहनों और कार्बन डाइऑक्साइड, मोनो ऑक्साइड का उत्सर्जन करने वाले इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, फोटोकॉपी मशीन, एक्सरे मशीनों के प्रयोग पर प्रभावी अंकुश लगाना होगा। क्योंकि पृथ्वी इन वजहों से भी प्रदूषित हो रही है। इनके द्वारा हानिकारक गैसों के उत्सर्जन से पृथ्वी की ओजोन परतें कमजोर होती चली जा रही हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विनाश के पाँच तोप: शिक्षा से तहसील तक

प्रियंका सौरभ

"शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, थाने औ तहसील।
सब मिलकर ताबूत में, ठोंक रहे हैं कील।।" यह दो पंक्तियाँ महज अलंकार नहीं, बल्कि उस निराशा का संगीन उद्घोष हैं, जो आम आदमी की उम्मीदों को कुचलकर उसे निराशा की चुम्बक बनाती हैं। ये पाँच स्तंभों से हमारा समाज अपनी नाजुक मिट्टी का संतुलन बनाये रखता है – पर, अफसोस, वे स्वयं पत्थर बन चुके हैं।

**शिक्षा: जहाँ विद्या बिक रही है**

बचपन से हमें सिखाया गया कि शिक्षा से इंसान का चरित्र बनता है। पर अब चरित्र कहीं बिकता नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर की दीवारों पर टंगा पाया जाता है। दसवीं बोर्ड हो या मेडिकल प्रवेश, सवाल योग्यता का नहीं, पक्षपात और सिफारिश का होता है। वदीधारी शिक्षक उस जादुई इकाई में बदल चुके हैं, जहाँ से विद्वता कम, फीस वसूली ज्यादा जरूरी है। स्मार्ट क्लासरूम में धूल जमी पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि अभिभावकों के कष्ट होते हैं। एनआईटी का सपना देखता छात्र, एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग असैट) बन जाता है, क्योंकि रोजगारदाता अब 'डिग्री' नहीं, 'प्रैक्टिकल स्किल्स' मांगते हैं – जिन्हें हासिल करने का रास्ता फीस के अतिरिक्त टेस्ट में दिक्कतें है। वह कोचिंग सेंटर जहाँ प्रवेश परीक्षा की तैयारी होती थी, वह अब नकदी की परीक्षा लेता है। हर साल लाखों अभिभावक 'अब्जॉर्ब' हो जाते हैं – एक कोचिंग सेंटर की माला में पिरोकर, दूसरा सेंटर की रस्सी से लटका दिए जाते हैं। नतीजा? शिक्षा की किरणें फीकी पड़ चुकी हैं।

**स्वास्थ्य: सेवा नहीं, सेवा शुल्क**

स्वास्थ्य सेवा का नाम सुनते ही सरकारी अस्पतालों के मरघट जैसे माहौल की याद ताजा हो जाती है। जहाँ प्रतीक्षा कक्ष में पंखे हवा नहीं, बल्कि बीमारी फैलाने की तैयारी करते हैं। डॉक्टर गिनती में कम, प्राइवेट विभागीकरण में ज्यादा। मरीज तो बस एक कैश-काउंटर बन कर रह गया है। निजी अस्पतालों ने बीमार ग्राहक को ह्यलक्षित बाजार मान लिया है। जांच-परीक्षण, एमआरआई, सर्जरी – सब कुछ पैकेज में बिका जाता है। एक छोटी सी खांसी के लिए भी प्रोसिजर चार्ज लगता है।

## पृथ्वी दिवस पर इस ग्रह की देखभाल करें

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**पृथ्वी** दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है क्योंकि यह हमें जीवन जीने के लिए कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को उपलब्ध करती है। यह सभी संसाधन न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मूल्यवान है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि इन सभी संसाधनों का प्रयोग हम बहुत ही सावधानी से करें। इन संसाधनों का सदुपयोग करने और पृथ्वी का सम्मान करने के लिए हमें अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा, जिसमें कि हम इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं। इसमें इंसानों से लेकर जानवरों और पौधों तक सभी शामिल हैं। सिर्फ यह सोचकर ही हमें खुषी मिलती है कि इस विषाल अंतरीक्ष में यह ग्रह पिता-परमेष्वर का बनाया एक खूबसूरत रत्न है, जिसमें हम सब इस परिवार के एक सदस्य हैं। इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहियें जिसमें कि हम एक-दूसरे की मदद करते हुए प्रेम और शांतिपूर्वक जी सकें। इस ग्रह पर रहते हुए हम स्वस्थ तरीके से अपना जीवन यापन करें, ताकि हमारे परिवार और पूरे विष्व के लिए वर्तमान में और आने वाले समय में भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। इसके लिए हमें चाहिये कि हम इस ग्रह की देखभाल करते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तौर पर विकसित हों। जिसके लिए हमें एक शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना होगा और साथ ही साथ अपनी आत्मिक तरक्की के लिए अपने जीवन में हमें सद्गुणों को भी धारण करना होगा। जिसमें कि हम दूसरों की सेवा करते हुए ध्यान-अभ्यास के जरिये अपने अंतर में प्रभु-सत्ता से जुड़कर आध्यात्मिक रूप से विकसित हो सकते हैं।

दूसरों की सेवा करना और मिल-जुलकर रहना आध्यात्मिकता का ही एक हिस्सा है। दूसरों के साथ मिलकर रहना और इस पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विद्यमान हैं। आईये, आध्यात्मिक रूप से बढ़ते हुए हम इस ग्रह, पेड़-पौधों, जानवरों और इंसानों की देखभाल करते हुए हम पृथ्वी दिवस मनायें।

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्ग महिला से सोने के कंगन ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के रामनगर** इलाके में बीती रात एक बुजुर्ग महिला को शातिराना अंदाज में ठग लिया गया। मंदिर से लौट रही महिला का असली सोने का कंगन एक अनजान लडकी लेकर फरार हो गई। बुजुर्ग महिला का दावा है कि उसे सम्मोहित किया गया था, जिसके चलते वह ठगी का शिकार हुई। पीड़िता ने घटना की शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। रामनगर की रहने वाली बुजुर्ग महिला चारू आहूजा रविवार रात मंदिर में माथा टेकने गई थी। रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर लौट रही थी, तभी रास्ते में उसे एक लडकी मिली, जिसके साथ एक लडका भी था। उस लडके ने खुद को मानसिक रूप से परेशान दिखाने की कोशिश की। लडकी ने बुजुर्ग महिला को बताया कि यह लडका खतरनाक है और कुछ भी कर सकता है।

### गर्मी में अधिक जरूरी कार्य होने पर ही निकले घर से बाहर-एसडीएम अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर** गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते तापमान व लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करे। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करते हुए हीट वेव से बचे रहें और अधिक जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। उन्होंने बताया कि गर्मी में लू के प्रभाव को कम करने तथा लू के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए कुछ उपाय कर सकते हैं। हीटवेव यानी लू की चपेट में आने के कारण शरीर में पानी की कमी, हीटस्ट्रोक, उल्टी, चक्कर आना, बुखार, सिरदर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कई बार हीट वेव जानलेवा भी साबित हो सकती है। ऐसे में कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। हीटवेव से सुरक्षित रहने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर अपना व परिवार का बचाव रख सकते है। हीटवेव से बचने के लिए क्या करें हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को हाइड्रेट रखने की कोशिश करें। इसके लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। इसके अलावा, आप नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस और छाछ जैसे प्राकृतिक पेय का सेवन कर सकते हैं।

### पूर्व प्रधान रीना बंटी के पिता के आकस्मिक निधन पर सामाजिक लोगों ने जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नगर पालिका की** पूर्व प्रधान रीना बंटी के पिता लाला मांगे राम सिंघल के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र के गणमान्य लोग ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की है। व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बताया कि 70 वर्षीय बहादुरगढ़ निवासी लाला मांगेराम सिंघल जो कि अग्रवाल सभा बहादुरगढ़ के पूर्व प्रधान भी रहे है। वो पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्त होते हुए भी दैनिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी पूरी दिलचस्पी रखते थे। लेकिन 17 अप्रैल को उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके इस समाचार का पता लगते ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार को इस दुःख की घड़ी से उभरने की शक्ति प्रदान करे। संवेदना प्रकट करने वालो में अग्रवाल सभा प्रधान महेंद्र पंसारी, पूर्व प्रधान शिव शंकर गर्ग, मोदाश्रम समिति प्रधान सुधीर दीवान, नगर पालिका उपप्रधान मंजू कौशिक, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लवानिया, मास्टर जयनारायण संस्कृति मच के प्रधान नरेश जोशी, कैमिस्ट एसोसिएशन की प्रधान कविता गुप्ता, भारत विकास परिषद की उमा खुराना, व्यापारी नेता नरेश चेयरमैन, बसंत गोयल, गीता विज्ञान प्रचार समिति प्रधान मुकेश मेहता, मौहल्ला बिढाट सेवा समिति अध्यक्ष चेतन प्रकाश गौड़, याहा हरियाणा के निर्देशक अनिल कौशिक, वरिष्ठ कलाकार घीसाराम सैनी, गिरीश कानोड़िया, प्रवक्ता प्रवीण गौड़, अनिल तिवाड़ी, पत्रकार सुशील बिढाट, दिनेश गोयल, पवन धरसु वाले, विकास तिवाड़ी, रंगकर्मी सुरेश पंचोली, नीरज तिवाड़ी, भारत विकास परिषद विश्वनाथ मिश्रा, ब्राह्मण सभा प्रधान दिनेश वैध, मनोज मोदी, आदर्श रामलीला के पूर्व प्रधान हरिसिंह यादव, ललित तंवर एडवोकेट, ईश्वर सैनी, पंजाबी सभा प्रधान सुरेश अरोड़ा सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने अपनी संवेदना जताई।

# जिले में सुशासन का संदेश देते जनता समाधान शिविरः एसडीएम

## लोगों की समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकताः पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला व उपमण्डल स्तर पर सोमवार और गुरूवार को लगाए जा रहे जनता समाधान शिविर लोगों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ सुशासन का संदेश भी प्रदान कर रहे हैं। सोमवार को जिला सचिवालय द्वितीय तल स्थित सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने कहा कि समस्याओं का समाधान मौके पर होने से लोगों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा होता है। इसी विश्वास को हमें कायम रखना है व समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या का कम से कम समय में समाधान करना है। उन्होंने समाधान शिविर में जनता द्वारा दी गई समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी विभाग से सम्बंधित समस्या का जल्द से जल्द निदान करें क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं इन शिविरों पर निगरानी बरत रहे हैं व हर शुक्रवार को किसी ना किसी विभाग के एसीएस द्वारा समीक्षा भी की जाती है। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए थाना अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके पास एक समस्या दौबारा नही आनी चाहिए। शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान करना ही हमारी बड़ी जीत है। समस्याओं के समाधान से लोगों में प्रशान की कार्यशैली के प्रति अच्छी छवि बनती है।



### मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना भी अब सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में हुई शामिलः डीसी

पानीपत, कमाल हुसैन ) हरियाणा **सरकार द्वारा महिला एवं** बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है।

### आयुष विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह की सफलता के बाद कुलपति ने दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्री कृष्ण आयुष** विश्वविद्यालय में 18 अप्रैल को आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह की सफलता के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने सोमवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने मंच संचालक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विवेक चावला को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार ने समर्पण, अनुशासन और कुशल समन्वय के साथ इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाया है। उन्होंने विशेष रूप से सभी विभागों की टीमों की सराहना की,जिन्होंने आयोजन को गरिमामयी और स्मरणीय बनाया। उन्होंने आगे भी इसी तरह के सहयोग और प्रतिबद्धता की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन ऑफ एकेडमिक डॉ. जितेश कुमार पंडा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणधीर सिंह, प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र खुराना, प्रो.आशु, प्रो. आशीष मेहता, प्रॉक्टर प्रो. राजा सिंगला, डॉ. राजेंद्र चौधरी, प्रो.पीसी मंगल, प्रो. शीतल सिंगला, प्रो. सीमा, प्रो. विदुषी, प्रो.अमित कटारिया, प्रो. शंभू दयाल शर्मा, उप कुलसचिव विकास शर्मा व सहायक कुलसचिव अतुल गोयल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध खनन का कार्य करने वालो पर होगी कार्यवाहीः उपायुक्त

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**खनन विभाग के** महानिदेशक के.एम. पाण्डुरंग के निर्देश पर व उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विभाग की टीम द्वारा भरकस प्रयास किये जा रहे हैं। पूरे जिले में अवैध खनन रोकने को लेकर चौकसी बरती जा रही है। संयुक्त टीम के सदस्य सम्भावित स्थानों पर दबिश दे रहे हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि खौतपुरा के पास अवैध रूप से रेती से भरा ट्रक को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया।

## युवाओं के लिए किया गया आउटरीच कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक** की ओर से सोमवार को जिला के गांव नोहरा में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिस की ओर से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सेना के प्रति आकर्षित करना और युवाओं को आर्मी को ज्वाइन क्यों करना चाहिए। आर्मी को ज्वाइन कैसे करना चाहिए, इन चीजों पर फोकस किया गया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आर्मी भर्ती कार्यालय की ओर से युवाओ को अग्निवीर योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ अन्य अलग-अलग ट्रेंडस में भर्ती के लिए आयु शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड, फिजिकल टेस्ट आदि की जानकारी देने पर विशेष फोकस रहा। विद्यार्थियों को भर्ती संबंधित पैम्फलेट दिए और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए। लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि युवाओं को भर्ती पर लक्ष्य निर्धारित रखते हुए समय समय पर जारी हिदायतों के बारे में ध्यान रखना चाहिए। यह हिदायत आर्मी रिक्रूटिंग केंद्र की ओर से विभिन्न समाचार पत्रों और टेलीविजन के माध्यम से समय-समय पर दी जाती है ताकि युवा उन दिशा निदेर्शों का पालन अच्छी तरह से कर सके और भर्ती के लिए अपनी तैयारी कर सकें।




आर्मी रिकूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर चयन या भर्ती के लिए किसी भी व्यक्ति को रिश्वत या पैसे ना दें और दलालों एवं एजेंटों से युवाओं को बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को मेहनत कर पढ़ाई के साथ-साथ शारिरिक रूप से सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्निवीर और अन्य योजनाओं के लिए भर्ती कार्यालय रोहतक में हैल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है जोकि उम्मीदवारों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी उपलब्ध करवा रहा है।

### भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अब आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं। करनाल डिपो के 21 कर्मचारी 24 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। हालांकि यात्रियों को इससे कोई असुविधा नहीं हो रही है और बसें सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। कर्मचारियों की मांगें और नाराजगी ये भूख हड़ताल छुट्टियों को काटने, प्राइवेट बसों को परमिट देने, नाइट अलाउंस समेत कई मांगों को लेकर की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि जब असीम गोयल ने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब कई बार यूनियन के साथ बैठकें हुई थीं। उन बैठकों में कुछ मांगों को स्वीकार करने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक उन्हें लागू नहीं किया गया। अब कर्मचारी भूख हड़ताल के जरिए सरकार को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि 24 मई को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में समाधान नहीं निकला तो अगला कदम बड़ा आंदोलन करने का होगा। हरियाणा रोडवेज के राज्य प्रधान मायाराम ने कहा हमने सरकार को बहुत समय दिया। कई बार बातचीत भी हुई, लेकिन जिन मांगों को मानने की बात कही थी, उन पर कोई अमल नहीं हुआ। अब ये भूख हड़ताल एक चेतावनी है।

## मंडियों में 252719.3 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक व 216878.1 मीट्रिक टन की हुई खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**जिला उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 20 अप्रैल तक मंडियों में 252719.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 216878.1 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 121027.2 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 26994.8 मीट्रिक टन की आवक हुई व 25894.2 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 15510.9 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बाबरपुर मंडी में अब तक 14978.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 14643.2 की खरीद हुई और 15650 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि बबैल मंडी में 3833.7 मीट्रिक टन की आवक हुई व 3805.8 की खरीद हुई और 2375 की लिफ्टिंग हुई। बापौली मंडी में 24275.1 की आवक हुई व 22879.5 की खरीद हुई।

## जेल में वार्डर पर डंडे से हमला, हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला जेल** में एक हवालाती ने ड्यूटी पर तैनात वार्डर के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। जिससे वार्डर गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्डर को गंभीर हालत में पहले जेल अस्पताल और फिर सिगनैस अस्पताल रेफर किया गया। मौके पर मौजूद जेल कर्मियों और अन्य कैदियों ने हमलावर हवालाती को काबू किया। जेल प्रशासन की शिकायत पर थाना रामनगर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार शाम लगभग 5 बजे जेल के ब्लॉक नंबर 3 में अंदरूनी गश्त पर तैनात वार्डर बलजीत सिंह बैरकों की नियमित जांच कर रहे थे। जब वह बैरक नंबर 12बी के पास पहुंचे तो वहां बंद हवालाती गगसीना निवासी विक्की उर्फ विकास ने अचानक उन पर डंडे से हमला कर दिया।

## बाल विवाह के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**बाल विवाह के खिलाफ राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा के छात्रों ने रैली निकाल कर बाल विवाह के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक। स्कूली बच्चों ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए उन्हें बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया। अक्षय तृतीया पर होने वाले संभावित बाल विवाहों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत पानीपत में सिवाह और समालखा गांव में एम डी डी ऑफ इंडिया, शिक्षा विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला संरक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह जैसी कुरीति के विषय में नारे लगाते हुए और पर्चे बांटकर लोगों को अक्षय तृतीया के दिन व अन्य दिनों में बाल विवाह के प्रति चौकस निगाह रखने को कहा। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। अगर उन्हें कहीं से भी जानकारी मिलती है कि कहीं बाल विवाह के बारे में सोचा जा रहा है या बाल विवाह करवाया जा रहा है तो तुरंत संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा जारी नम्बर पर या जिला प्रशासन द्वारा जारी नम्बर पर सूचना दे। प्रिंसिपल सुरेंद्र कादयान ने कहा कि बाल विवाह किशोरियों के अधिकारों का हनन है जिसके चलते किशोरियां शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक रूप से भी समृद्ध नहीं हो पाती। सामाजिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि लोगो को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया जाना चाहिए ताकि अक्षय तृतीया के मौके पर वह चौकस रहे तथा बाल विवाह की जानकारी मिलते ही तुरंत सूचना दे।



## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ 22 विद्यार्थियों का चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**सोमवार को आर्य कॉलेज** के पर्यटन विभाग द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित ग्लोब इंडिया व फैंटसी ट्रैवल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की और पर्यटन विभाग के 22 विद्यार्थियों का चयन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कंपनियों से आए प्रतिनिधियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया और साथ ही, पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर मित्तल, प्राध्यापक नवीन, प्राध्यापिका काजल राणा, प्राध्यापक साहिल शर्मा व प्राध्यापिका यामिनि दहिया को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकरी देते हुए बताया कि कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में दिल्ली की प्रसिद्ध कंपनी ग्लोब इंडिया व पानीपत से फैंटसी ट्रैवल कंपनीयों के प्रतिनिधियों ने कॉलेज प्रांगण में आ कर पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लेकर 22 विद्यार्थियों का अलग-अलग पदों के लिए चयन किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के बहुत सारे अवसर है बशर्ते विद्यार्थी अपने तीन साल के कॉलेज समय में पूर जोर मेहनत करके, देश के अलग-अलग शहरों में जा कर रोजगार पा सकते हैं।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने बताया की प्लेसमेंट ड्राइव में आर्य कॉलेज के साथ-साथ राजकीय कॉलेज करनाल व राजकीय कॉलेज अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा समय-समय पर महाविद्यालय परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता रहता है।



## एंडोस्कोपी से संभव हुई न्यूनतम इनवेसिव ब्रेन सर्जरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

हाल के वर्षों में मेडिकल साइंस ने अद्भुत प्रगति की है, जिसने न्यूरोसर्जरी की संभावनाओं की सीमाओं को नया आकार दिया है। इन्हीं तकनीकी नवाचारों में से एक है एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी, जो न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है। इसने जटिल ब्रेन रोगों के इलाज का तरीका ही बदल दिया है, और अब सर्जनों के पास अधिक सुरक्षित, तेज व कम इनवेसिव विकल्प उपलब्ध हैं। न्यूरोसर्जरी में एंडोस्कोपी का प्रयोग एक पतली, लचीली ट्यूब के माध्यम से किया जाता है, जिसमें कैमरा व प्रकाश स्रोत लगे होते हैं। इससे सर्जन मस्तिष्क की गहराई में स्थित संरचनाओं को स्पष्ट रूप से देख व ऑपरेट कर सकते हैं, वो भी बिना आसपास के टिशूस को अधिक क्षति पहुँचाए। बीएलके-मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के न्यूरोसर्जरी व न्यूरो स्पाइन विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. अनिल कुमार कंसल ने बताया कि आज एंडोस्कोपिक तकनीकों का उपयोग कई प्रकार की न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के इलाज में किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ इसकी मिनिमली इनवेसिव प्रकृति है। पारंपरिक ब्रेन सर्जरी में आमतौर पर बड़े चीरे और हड्डी या टिशूस को हटाने की आवश्यकता होती है, जबकि एंडोस्कोपिक प्रक्रिया में छोटे चीरे या फिर नाक जैसे प्राकृतिक मार्गों से सर्जरी की जाती है। इससे स्वस्थ ब्रेन टिशू को कम क्षति होती है। इसके कारण रोगियों को छोटे घाव, तेज रिकवरी, कम अस्पताल में रुकना और संक्रमण या जटिलताओं का कम जोखिम जैसे अनेक लाभ मिलते हैं, जो समग्र परिणामों को बेहतर बनाते हैं। एंडोस्कोपी विशेष रूप से कुछ प्रकार के ब्रेन ट्यूमर के लिए उपयुक्त होती है। यह उन ट्यूमर के लिए सबसे अच्छा काम करती है जो मुलायम होते हैं, जिनमें रक्त प्रवाह कम होता है, धीरे-धीरे बढ़ते हैं या जिनसे मस्तिष्क में द्रव संचय की समस्या उत्पन्न होती है। इन विशेषताओं के कारण इन ट्यूमर्स को एंडोस्कोपिक तकनीक से हटाना आसान हो जाता है और परिणाम भी बेहतर होते हैं। डॉ. कंसल ने आगे बताया कि आज की आधुनिक न्यूरोसर्जरी में एंडोस्कोपिक उपकरणों को पारंपरिक सर्जरी के साथ जोड़कर ह्वाइब्रिड अप्रोचह्व अपनाई जा रही है, जिससे सर्जन मस्तिष्क की जटिल संरचनाओं तक सुरक्षित रूप से पहुँच पाते हैं और उन ट्यूमर्स को भी निकाल सकते हैं जो सामान्यतः कठिन पहुंच वाले क्षेत्रों में होते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्नत एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं की मदद से अब ट्यूमर्स को नाक के माध्यम से (एंडोनेजल अप्रोच) हटाया जा सकता है।



**न्यूरोसर्जरी**

▸▸ तकनीकी नवाचारों में से एक है एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी, जो न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई

## गर्मी के मौसम में रखे साफ-सफाई का विशेष ध्यानः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने जनता का आह्वान किया है कि वे अपने घरों के आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण मक्खी-मच्छर पनपते हैं, जिन्हें रोकने के लिए घर व आसपास साफ सफाई का कार्य बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू बुखार की बीमारी फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। अतः सभी व्यक्ति अपनी पानी की टंकियों को समय समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढककर रखें। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने घरों में पानी की टंकी को साफ रखें। कूलर आदि में मच्छर न पनपने दें, इसके लिए नियमित रूप से सफाई करते रहें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता और यह स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक. मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल नागरिक अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। डेंगू का मच्छर दिन के उजाले में काटता है, जबकि मलेरिया या अन्य बुखार फैलाने वाला मच्छर दिन व रात में काटता है। उन्होंने बताया कि मक्खी मच्छर को पनपने से रोकने के लिए एकमात्र उपाय केवल साफ सफाई ही है। उत्तम सिंह ने बताया कि गमीर्यों के मौसम में बीमारियों को रोकने के लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का स्वास्थ्य ठीक रह सके।

## न्यूज फ्लैश

### फार्म हाउस से एलसीडी व इन्वर्टर बैटरी व सामान चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के खेवड़ा-औरंगाबाद रोड पर स्थित फार्म हाउस से सामान चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव खेवड़ा निवासी आनंद ने बताया कि औरंगाबाद रोड पर उनका फार्म हाउस है। जमीन गांव के ही सुनील को ठेके पर दे रखी है। फार्म हाउस पर कोई नहीं रहता है। अब वह फार्म हाउस पर गए तो ताले टूटे मिले। जांच की तो वहां रखी एलईडी टीवी, इनवर्टर बैट्री, गीजर, गैस सिलिंडर और अन्य सामान गायब मिला। किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जय भगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दुकान के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में दुकान के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी दीपक लूथरा ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान पर गया था। दुकान को गली में दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। करीब एक बजे जब वह खाना-खाने के लिए जा रहा था। जब वह बाइक लेने के लिए पहुंचा। उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 48 अपराधियों को पकड़ा

**सोनीपत: जिला** पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए 'ऑपरेशन आक्रमण' चलाया गया। जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्तों और 451 पुलिसकर्मियों की 86 टीमों ने सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक अभियान चलाया। इस दौरान तीन नए मामले दर्ज किए गए और विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 48 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत एक नया मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जिसके तीन कारतूस और सात खाली खोल बरामद हुए हैं। इसके साथ ही छह उद्घोषित अपराधियों और 32 बेलजंपरों को भी गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई एक अन्य नया मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें एक आरोपित को 24 बोतल और 48 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सड़कों पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी भी ली और लेन ड्राइविंग के 12 चालान किए। साथ ही, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हंसराज जयंती एवं स्थापना दिवस मनाया

### कार्यक्रम की शुरूआत नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे छात्रों की रंग-बिरंगी बलून रैली से हुई

**अद्वितीय संगम**

वैदिक परंपराओं की गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना का एक अद्वितीय संगम देखने को मिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में सोमवार को महात्मा हंसराज जी की पुण्य जयंती एवं विद्यालय के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक परंपराओं की गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना का एक अद्वितीय संगम देखने को मिला, जिसने सभी उपस्थितों के हृदय को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे छात्रों की रंग-बिरंगी बलून रैली से हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने सभी का मन मोह लिया और छोटे बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति ने देशप्रेम की भावनाओं को नए रंगों से भर दिया।

मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों में सबसे प्रमुख आकर्षण एक अत्यंत भावपूर्ण एवं संगीतमय लघु नाटिका रही, जिसे संगीत विभाग की श्रीमती मनजीत कौर व श्रीमती आरती द्वारा बड़े परिश्रम और लगन से तैयार करवाया गया था। इस नाटिका में लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, गुरुदत्त विद्यार्थी एवं महात्मा हंसराज जी जैसे राष्ट्रभक्तों की भूमिकाएं छात्रों ने अत्यंत सजीवता से निभाईं। संगीत और अभिनय का ऐसा समन्वय मंच पर देखने को मिला जिसने दर्शकों की आँखें नम कर दीं और देशभक्ति की लहर दौड़ा दी।

कार्यक्रम की आध्यात्मिक ऊँचाई उस समय देखने को मिली जब संगीत विभाग के श्री दिनेश जी के निर्देशन में तैयार किया गया भजन "भगवान आर्यों को ऐसी लगन लगा दे" प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की मधुर वाणी में इस भजन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे सभागार में एक पवित्र, वैदिक ऊर्जा का संचार हुआ।

कक्षा 10 की अनन्या तथा कक्षा 6 की दिशिता और परिणीता ने कविताओं के माध्यम से महात्मा हंसराज जी के त्याग और सेवा को शब्दों में बाँधा। साथ ही शिक्षिका श्रीमती सुमन शर्मा द्वारा प्रस्तुत कवि-श्रद्धांजलि ने सभी के मन में गहरी छाप छोड़ी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने इस पावन अवसर पर अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैदिक जीवनशैली अपनाने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने और समाज कल्याण के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विशेष रूप से संगीत विभाग के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

समस्त शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राओं की सहभागिता ने इस आयोजन को एक गरिमामयी, प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से भी समृद्ध होती है।

# नंगल करधान में परशुराम जन्मोत्सव 29 अप्रैल को



**विचार विमर्श**

29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की मीटिंग हुई जिसमें 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति 29 अप्रैल को भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान अंबाला कैंट में शाम को 6:00 बजे परशुराम संध्या की जाएगी और उसके बाद विशाल भंडारा किया जाएगा। समिति के उप प्रधान रविंद्र बिलला शर्मा ने बताया 29 अप्रैल भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अंबाला कैंट की सभी धार्मिक सामाजिक सभाओं को निमंत्रण दिया जाएगा। इससे अंबाला कैंट में आपसी भाईचारा बनेगा समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम मंदिर के पास भगवान परशुराम धर्मशाला का निर्माण भी किया जा रहा है जिसमे सभी को सहयोग के लिए कहा जाएगा। इस मीटिंग मे सुरिंदर राजू शर्मा, डॉ राकेश भारद्वाज राजीव शर्मा संजय मोदगिल सुरेश कौशिक शशिकांत परशर,राजेश गोल्डी शर्मा, रविंद्र बिल्ला शर्मा सतीश शर्मा और अन्य सदस्य माजूद रहे।

# ट्रेन में यात्री का सामान से भरा बैग चोरी

**वारदात**

पीड़ित ने मामले को लेकर जालंधर पंजाब पुलिस को अवगत करवाया। मुकदमा दर्ज कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर आम्रपाली एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का सामान से भरा बैग चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर जालंधर पंजाब पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जहां से अब जांच सोनीपत जीआरपी को भेजी गई है। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नीलमथा लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी प्रणव कुमार सिंह ने बताया कि वह आम्रपाली एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। उन्हें छपरा से फगवाड़ा जाना था। 8 मार्च को यात्रा शुरू की थी। उन्होंने अपना बैग हाथरस स्टेशन तक देखा था। उसके बाद उनकी आंख लग गई। तडके साढ़े चार बजे उठे तो सोनीपत स्टेशन के पास थे। उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब था। उन्होंने टिकट परीक्षक को सूचना दी तो उन्होंने कहा कि जहां ट्रेन से उतरे वहां पर शिकायत दे देना। उन्होंने बताया कि बैग में लैपटॉप, टैब, दस हजार रुपये व अन्य सामान था। उन्होंने मामले से जीआरपी जालंधर को अवगत कराया। जहां मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत को भेज दी है।

# बराड़ा में ब्रह्माकुमारीज द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**सम्मान**

लगभग पचास से अधिक सामाजिक संसधाओं से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बराड़ा द्वारा बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को व समाज सेवियों को विशेष सम्मानित किया गया। जिसमें लगभग पचास से अधिक समाज सेवी संस्थाओं के महानुभावों को आज समाज के परिवर्तन में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में *मधुर संबंधों से खुशनुमा जीवन* कैसे बना सकते है, इस विषय पर विस्तार से बताया गया। मुख्या वक़्ता अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन भाई जी ने कहाँ आज दुनिया की इस झूठी शानो शौकत में मनुष्य इतना उलझ गया कि वह स्वयं की सच्ची पहचान अर्थात अपने आत्मिक स्वरूप को ही भूल गया है। उन्होंने बताया कि राजयोग मैडिटेशन के अभ्यास द्वारा हम यह सीखते है कि कैसे हम स्वयं की सच्ची पहचान प्राप्त कर, नकारात्मक विचारों का त्याग कर, सुन्दर विचारों को जीवन मैं धारण कर, अपने संबंधों में मधुरता लाकर जीवन खुशनुमा बना सकते है। ऐसा जीवन बनाने के लिए फ्री राजयोग मैडिटेशन कोर्स के लिए नजदीकी ब्रह्माकुमारीज सेण्टर पर जा सकते है। मुख्य अतिथि कृषि व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा जी के सुपुत्र श्री नेपाल सिंह राणा जी ने कहा ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज सेवा के लिए व विश्व परिवर्तन का जो कार्य कर रही है वो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा ऐसे कार्यक्रम द्वारा समाज मैं अच्छे काम करने वालों का सम्मान करने से उनका उमंग उत्साह बढ़ता है। रायपुर रानी सेवाकेंद्र से राजयोगिनी बीके किरण दीदी व अंबाला से बीके सुनील भाई ने अपनी सुन्दर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विभिन्न ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्रों से आई ब्रह्माकुमारी बहनों सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



**काबू**

दिनांक 14 अप्रैल 2025 को पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान थाना साइबर क्राईम अम्बाला में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 13 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मनिन्द्र सिहँ व नवीन कुमार निवासी चन्द्र विहार बी बाजार रोड निलोठी नई दिल्ली को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बतलाया कि आरोपी अनिल कुमार निवासी सैक्टर-19 नोएडा वर्तमान पता सैक्टर-15 नोएडा भी इस मामले में शामिल है। दिनांक 14 अप्रैल 2025 को पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया व मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी सुनील कुमार निवासी जनकपुरी लुधियाना पंजाब वर्तमान पता गुरू अर्जुनदेव नगर लुधियाना पंजाब को दिनांक 15 अप्रैल 2025 को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया था। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से 02 लाख 97 हजार रुपए व तीन मोबाइल बरामद किए गए। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# टास्क पूरा कर ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**फ्रॉड**

गिरफ्तार आरोपित बाबू सूर्यवंशी निवासी जिला इंदौर मध्य प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: साइबर** थाना सोनीपत पुलिस टीम ने टास्क पूरा करने पर ज्यादा मुनाफे का लालच देकर ऑनलाइन ठगी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बाबू सूर्यवंशी निवासी जिला इंदौर मध्य प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। कृष्णा कॉलोनी अजय कुमार ने गत 21 फरवरी को पुलिस ने बताया कि वह एक कंपनी में जॉब करता है। उसके पास 11 जनवरी को एक टेलीग्राम आया। उसमें एक लिंक मिला। जिसमें कंपनी द्वारा मुनाफा देने की बात कही। उसने अपना अकाउंट बनाकर एक टास्क पूरा किया। उसके खाते में एक हजार रुपये आ गए। उसके बाद उससे दस हजार रुपये जमा कराए गए। टास्क पूरा करने पर उसके खाते में 15 हजार रुपये जमा हो गए। उसके बाद तीस हजार रुपये जमा करवाकर टास्क शुरू किया। जिसके बाद वह पंद्रह हजार रुपये नेगेटिव चला गया। उसके बाद अलग-अलग टास्क देकर पांच लाख व एक लाख चालीस हजार रुपये जमा करवा लिए। जब उसे ठगी का पता चला तो मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत गोहाना थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक गिरीश की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में गली के बाहर चार्ज के लिए खड़ी की ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरी निवासी रामवीर ने बताया कि गत 16 अप्रैल को उसने अपनी ई-रिक्शा को घर के बाहर चार्ज लगाने के लिए गली में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो रिक्शा गायब मिली। अपने स्तर पर ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# 'भारत के लोकतंत्र पर हमला, राहुल की सामन्तवादी हताशा का प्रतीक'

**सम्मान**

लगभग पचास से अधिक सामाजिक संसधाओं से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** राहुल गांधी ने अमेरिका की प्रतिष्ठित ब्राउन यूनिवर्सिटी में भारत के निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाये हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है जब उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया हो। यह प्रवृत्ति अब एक आदत का रूप ले चुकी है, जो उनकी भारत-विरोधी मानसिकता, सामंती सोच और राजनीतिक हताशा को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। भारत के लोकतंत्र की जड़ें जितनी गहरी हैं, राहुल गांधी की समझ उतनी ही उथली प्रतीत होती है। एक ऐसे व्यक्ति के मुंह से लोकतंत्र और निष्पक्षता पर व्याख्यान सुनना, जो नेशनल हेराल्ड जैसे गंभीर घोटाले में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ मुख्य आरोपी हो और 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत पर हो, यह नैतिक पतन का चरम है। जिस देश की न्याय व्यवस्था ने उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा का अवसर दिया, उसी देश की संस्थाओं पर सवाल उठाकर वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की गरिमा को ठेस पहुँचाते हैं।

राहुल गांधी का यह आचरण कोई नई बात नहीं है। 2017 में अमेरिका के बर्कले विश्वविद्यालय में उन्होंने ॥भारत में लोकतंत्र खतरे में है॥ की ओछी टिप्पणी की थी। 2019 में लंदन में भारत को ॥असहिष्णु॥ बताकर उन्होंने देश की छवि को धूमिल किया। 2021 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में ॥संस्थाओं को कुचला जा रहा है॥ का पुराना राग अलापा था। 2023 में लंदन उन्होंने पश्चिमी ताकतों से भारत के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने की कुत्सित अपील की थी। ये सभी बयान न केवल भारत के लोकतंत्र को अपमानित करते हैं, बल्कि विदेशी ताकतों को भारत के खिलाफ वैचारिक हथियार भी सौंपते हैं। यह प्रवृत्ति एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि यह देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर प्रत्यक्ष प्रहार है।

2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को 240 सीटें और कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं। यह परिणाम भी दिखाता है कि भारत का निर्वाचन आयोग पूर्णतः निष्पक्ष और सक्षम संस्था है। अगर आयोग पक्षपाती होता, तो क्या कांग्रेस को इतनी सीटें मिलतीं? लेकिन राहुल गांधी ने न केवल चुनाव परिणाम को अपनी जीत बताया, बल्कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचि खड़ा कर दिया।

# भगत धन्ना जाट प्रत्यक्ष रूप से भगवान को पाने वाले महापुरुष थे: ढाण्डा



**प्रेरणास्त्रोत**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष पहले से ज्यादा विद्यार्थियों ने दाखिले लिये हैं। पहले ही पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवा दी गई है

**टीम एक्शन**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भगत धन्ना जाट प्रत्यक्ष रूप से भगवान को पाने वाले महापुरुष थे । हरियाणा शिक्षा मंत्री महिपाल ढाण्डा ने भगत धन्ना जाट की जयंती पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष पहले से ज्यादा विद्यार्थियों ने दाखिले लिये हैं। सरकार द्वारा प्रदेश के स्कूलों में कक्षा लगने से पहले ही पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवा दी गई हैं। इस बार सरकार ने समयबद्ध किताबें उपलब्ध करवाने की योजना बनाई थी और इस मामले में कोताही मिलने पर पैनेल्टी का प्रावधान भी किया गया है। यदि कहीं पर तय समय पर किताबें नहीं पहुंची तो पैनेल्टी लगाई जाएगी। किताबों का समय पर स्कूल में पहुंचने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। विद्यार्थी पहले दिन से ही अपनी पढ़ाई को सुचारू ढंग से कर पाएंगे।

हरियाणा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सोमवार को भगत धन्ना जाट की जयंती पर धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, प्रधान जगतार काजल, समाजसेवी महावीर मंढान सहित धन्ना भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महिपाल ढांडा ने कहा कि भगत धन्ना जाट प्रत्यक्ष रूप से भगवान को पाने वाले महापुरुष थे। धन्ना भगत ने भगवान के साथ खेलने का मौका मिला, उनके साथ भोजन किया। भक्ति से पत्थर में जान डाल कर साबित कर दिया कि भक्ति से बड़ा कुछ नहीं है। पूरा जीवन आदर्शों से परिपूर्ण हैं, हर व्यक्ति को उनकी सोच को समझकर और समाज के लिए करवाए गए कार्यों को जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी विशेष समाज के नहीं होते। इसलिए ऐसे महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पूरे प्रदेश के लिए लगभग 14 लाख 14 हजार सैट बनाए जाने थे। 85 प्रतिशत करीब 12 लाख सैट स्कूलों में भेजे जा चुके हैं। बचे हुए दो लाख सैटों को 21 अप्रैल तक स्कूलों में पहुंचाने का लक्ष्य था। यदि नहीं पहुंचे तो पैनल्टी का प्रावधान है। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया गया है। किताबों के मामले में विभाग की तरफ से संतुष्ट हूं।

# बैंक कर्मचारी बनकर आया युवक दो लाख रुपये की राशि लेकर हुआ फरार

**मुकदमा**

मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव भिगान के पास मन्नत हवेली होटल में बैंक कर्मचारी बनकर आया युवक नकदी बदलवाने के बहाने लाखों रुपये की राशि लेकर फरार हो गया। युवक बैग में रखा सामान तक लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव गुमड़ निवासी महेश कुमार ने बताया कि वह भिगान चौक स्थित मन्नत हवेली होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार दोपहर को काले रंग की बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो गाड़ी होटल परिसर में आई। गाड़ी से एक युवक उतरकर सीधा कैश काउंटर पर पहुंचा। उसने वहां मौजूद कैशियर पानीपत के राक्सेड़ा निवासी मोहन से कहा कि वह वह एसबीआई की जीटी रोड मुरथल स्थित शाखा से आया है। उन्हें होटल की तरफ से भेजी गई नकदी बदलने संबंधी मेल को लेकर बात करनी हैं। कैशियर मोहन ने इसकी सूचना होटल के अकाउंटेंट गांव नांगल खुर्द निवासी रविंद्र को दी। रविंद्र ने कैश काउंटर पर पहुंचकर युवक से बातचीत की। उसके बाद उन्होंने मालिक अजय छिक्कारा से बात की और अनुमति के बाद दो लाख रुपये नकद बैग में रखकर नीचे कैश काउंटर पर आ गए। बैग में रविंद्र का पर्स भी था, जिसमें उनकी पत्नी का आधार कार्ड, बाइक की आरसी, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड तथा करीब 500-600 रुपये नकद थे। बातचीत के दौरान युवक ने रविंद्र को मोबाइल देते हुए उसमें होटल का वाईफाई जोड़ने को कहा। इसी दौरान युवक ने मौका देखकर नकदी से भरा बैग उठा लिया।

# आपदा के समय अनजान व्यक्ति की जान को बचाने के उद्देश्य से लेना है प्रशिक्षण: सोनू भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अतिरिक्त उपायुक्त** सोनू भट्टद ने कहा कि आपदा के समय अनजान व्यक्ति की जान को बचाने के उद्देश्य से ही प्रशिक्षण लेना चाहिए। इस प्रदेश में समय-समय पर बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं भी देखने को मिली है। इसलिए बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में एक-एक प्रशिक्षणार्थी को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करना है। यह प्रशिक्षण शिविर कर्मचारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत कहीं पर भी आने वाली




आपदा में किसी की जान को बचाया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि सोमवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्त्वाधान में ब्रहमसरोवर पर आयोजित 6 दिवसीय राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद, डीआरओ चेतना चौधरी ने ब्रहमसरोवर में नौकाओं को हरी झंडी देकर व दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से 21 से 26 अप्रैल 2025 तक चलने वाले राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन किया। उन्होंने कहा इस शिविर में विभिन्न विभागों के 120 कर्मचारी सामान्य डयूटी से हटकर आपातकालीन स्थिति में लोगों की रक्षा करने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए आए हैं। यहां पर सभी कर्मचारी अपने आप दिली तमन्ना से समाजसेवा के लक्ष्य को जहन में रखकर पहुंचे हैं। इन कर्मचारियों के जज्बे को लफ्जों में ब्यान नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने नजरिए को और आगे बढ़ाएं तो समाज उनको उतना ही बड़ा दिखाई देगा। समाज में अनेकों ऐसी कुरीतियां या समस्याएं नजर आएंगी, जिनका समाधान करके आत्म संतुष्टि की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि सभी को इस प्रशिक्षण शिविर में पूरी मेहनत, लग्न, ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण लेना है और प्रशिक्षण लेने के उपरांत आपातकालीन स्थिति में अपने दायित्व का निर्वाह करना है। आपदा के समय किसी का जीवन बचाना समाज की सबसे बड़ी सेवा है।

# बच्चों ने निकाली रैली, पर्यावरण को सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सेंट पॉल स्कूल में** पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य था–गर्मी से बचने के उपायों की आड़ में हम जो कार्य करते हैं, वे ही गर्मी को और बढ़ा रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य शेरोन पॉल भट ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा,आज के समय में हम गर्मी से राहत पाने के लिए जिन संसाधनों का उपयोग करते है , जैसे एसी, रेफ्रिजरेटर, इनसे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि हर वर्ष तापमान में बढ़ोतरी देखी जा




रही है। उन्होंने यह भी कहा कि,हमें चाहिए कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और पर्यावरण को संरक्षित करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में बच्चों ने रैली भी निकाली और जोरदार नारे लगाए - पर्यावरण ही है जान हमारा, इसके बिना नहीं गुजारा हमारा! कार्यक्रम में पड़ोस में रहने वालो को विद्यालय प्रबंधन की ओर से एक वृक्ष का पौधा भेंट स्वरूप दिया गया। कुल 20 पेड़ लगाए गए और यह संकल्प लिया गया कि आगे भी अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रामीणों को दी साइबर धोखाधड़ी के बारे में जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निदेशार्नुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष गौरव खटाना एसडीजेएम के तत्वाधान में शुक्रवार को गांव खातोद में न्याय रक्षक शशि बाला, आधार मित्र ललिता एवं साइबर टीम में सुमित्रा देवी व राहुल ने साइबर धोखाधड़ी के बारे मे जानकारी दी। एडवोकेट शशि बाला ने बताया कि साइबर ठग अनजान कॉल या मैसेज के माध्यम से ओटीपी लेकर बैंक खातों से पैसे की चोरी, एनीडेस्क स्कैम, सोशल मीड़िया फ्रॉड, फेक लॉटरी, जॉब ऑफर स्कैम, केवाईसी फ्रॉड आदि तरकीब अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है। सतकर्ता बरतने से ही बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करें। साइबर क्राइम करने पर अपराधियों को सजा के रूप मे कोर्ट द्वारा जुमार्ना और दंड दिया जाता है। साइबर अपराध में ईमेल कपट, साइबर मानहानि, आनलाइन जुआ इत्यादि आते है। उन्होंने ग्रामीणों को मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे भी बताया। नाबालिक लड़कियों कि शादी रोकने के बारे में भी जागरूक किया।

### महेंद्रगढ़ से नहीं है सालासर धाम के लिए कोई बस सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ से** सालासर धाम के लिए महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से कोई बस सेवा नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महेंद्रगढ़, सतनाली व कनीना से प्रतिदिन सालासर धाम के लिए सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जाते है। सालासर धाम के लिए बस सेवा नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को निजी वाहनों व अन्य जिलों के डिपों की बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। सीधी बस सेवा शुरू करवाने को लेकर विभिन्न सामाजिक व धाार्मिक संगठनों ने रोडवेज महाप्रबंधक से मांग की गई है। श्रद्धालु गोविंद, रमेश सैनी, रामनिवास, प्रमोद, लोकेश, ऋषिपाल, सोमबीर ने बताया कि महेंद्रगढ़ से जाने वाली श्रद्धालुओं को नारनौल जाना पड़ता या फिर सादलपुर के लिए गाड़ी पकड़नी पड़ती है। इसी तरह सतनाली क्षेत्र के लोगों को सीकर जाना पड़ता है। इससे लोगों की समय व धन की बबार्दी होती है। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ से सालासर बालाजी के लिए बस सेवा शुरू होनी चाहिए ताकि महेंद्रगढ़, सतनाली व कनीना क्षेत्र के लोगों को परेशान न हो। धार्मिक लोगों ने सालासर के लिए महेंद्रगढ़ से बस सेवा शुरू करने की मांग की है। सुबह के बाद प्रतिदिन एक बस सेवा ओर से शुरू हो जाती है तो इससे महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा।

### पानीपत की नेहा ने जेईई मेन्स में ऑल इंडिया रैंक 399 हासिल की

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) देर रात** जारी जेईई मेंस के परिणामों में आकाश इंस्टीट्यूट की छात्रा पानीपत की नेहा ने सेशन 2 में ऑल इंडिया रैंकिंग में 399वां स्थान प्राप्त किया है। नेहा 99.75 प्रतिशताइल के साथ इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। नेहा के पिता राकेश कुमार पानीपत में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं और माता हुसन बाला सेंट मेरी प्राइवेट स्कूल में टीचर है। नेहा का शुरू से ही फिजिक्स विषय में इंटरेस्ट था जिसके चलते उसने इंजीनियर में अपना करियर बनाने की ठान ली अब वह इस परीक्षा के अगले चरण जेईई एडवांस्ड की तैयारी में जुट गई है। उसका कहना है कि वह इंजीनियर बनकर देश के विकास में अपना योगदान देगी। आकाश एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में पढ़ाई करने वाली नेहा के साथ पानीपत शाखा के कुल 16 छात्रों ने उल्लेखनीय रैंक हासिल की है। इन परिणामों से साबित होता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की जा सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल के दूसरे और अंतिम जेईई सत्र का समापन हुआ। कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें।

# आयुर्वेद है जीवन जीने की कला: प्रो.धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: जहां मरीज दवाओं** और उनके साइड इफेक्ट्स से परेशान हो चुके हैं। वहीं, श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेदिक अस्पताल) मरीजों के लिए संजीवनी बना है। कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित यह संस्थान पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में भरोसे का प्रतीक बनता जा रहा है। यहां प्रतिदिन 500 से 700 मरीज विभिन्न आयुर्वेदिक सेवाओं का लाभ उठाने पहुंच रहे हैं। अस्पताल में इनफर्टिलिटी, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, गर्भसंस्कार, क्षारसूत्र चिकित्सा, मधुमेह, त्वचा रोग और यहां तक



कि मानसिक विकारों जैसी जटिल बीमारियों का भी सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि विशेष बात ये है कि यहां आयुर्वेद की शुद्ध पद्धतियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपनाया गया है। मरीजों को 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, विशेष क्लीनिक, पंचकर्म, शल्य चिकित्सा, स्त्री रोग, बाल रोग, मर्म चिकित्सा और नाड़ी परीक्षण जैसी विस्तृत सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

**विशेषज्ञों की समर्पित टीम**

श्री कृष्ण आयुष विवि के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अस्पताल में अनुभवी वैद्य व प्रोफेसर नियमित रूप से ओपीडी सेवाएं दे रहे हैं। पंचकर्म विभाग, शल्य चिकित्सा, काया चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग,नेत्र रोग और बाल रोग विभागों में अलग-अलग दिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा त्वचा रोग, मधुमेह, मानसिक रोग और रसायन चिकित्सा का विशेष क्लीनिक भी संचालित किया जा रहा है।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है।

# करनाल की बच्ची को हिमाचल में बेचा, बिचौलिए ने दिए कम पैसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में दो** माह की बच्ची की खरीद-फरोख्त का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने खुद रामनगर थाने में इसकी शिकायत दी थी, जिसके बाद चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के निर्देश पर पुलिस ने हिमाचल में बच्ची को ढूंढ निकाला। जांच में खुलासा हुआ कि बच्ची को हिमाचल के कांगड़ा जिले के ज्वालाजी में 1.70 लाख रुपए में बेचा गया था। बच्ची चार-पांच हाथों से होती हुई हिमाचल पहुंची। हालांकि मां इस आरोप को सिरे से नकार रही है और कह रही है कि उसे इलाज के नाम पर बहलाकर फंसाया गया, जबकि जहां से बच्ची बरामद हुई है। उन लोगों का कहना है कि उन्होंने 1.70 लाख में बच्ची को खरीदा था। इस मामले में पुलिस ने मैरिज ब्यूरो चलाने वाली महिला आरती व उसके पति परमजीत हिमाचल के रहने वाली सुमन सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान आज दोपहर बाद रामनगर थाना के जांच अधिकारी गुरजीत के हिमाचल निवासी सुमन को गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान अन्य आरोपियों के नामों का खुलासा महिला द्वारा किया जाएगा।

# हाईवे पर टाटा कर्व को मारी टक्कर, नशे में था ड्राइवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती देर रात को** नेशनल हाईवे-44 पर दिल्ली नंबर की एक डिजायर गाड़ी ने टाटा कर्व को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। कर्व में सवार परिवार जन्मदिन मनाने के लिए जा रहा था। आरोप है कि डिजायर गाड़ी में सवार ड्राइवर नशे की हालत में था। आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसको मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दुर्घटना के बाद पुलिस को सूचना मिली और तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा इतना गंभीर था कि टाटा कर्व गाड़ी लोहे की रेलिंग से टकराकर उसमें फंस गई। गाड़ी के सभी एयरबैग्स खुल गए, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। कार में डा. रजत, उसकी पत्नी, तीन साल की बेटी और भाई सुमित सवार था। कार में रजत और बेटी को हल्की चोटें आई है। सुमित ने बताया कि वे सीएचडी सिटी से ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रहे थे। यह खास दिन था, क्योंकि उनकी भाभी का जन्मदिन था। इसी दौरान आरोपी ड्राइवर ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मारी और फिर भागने की कोशिश की।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजकीय महिला** महाविद्यालय, बसताड़ा की प्राचार्या कमलेश रानी ने बताया कि सोमवार को महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका अनुराधा के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में सिविल हॉस्पिटल, घरौंडा से मनोवैज्ञानिक परामर्शदात्री ममतेश कम्बोज ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। मुख्य वक्ता ममतेश कंबोज ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में पोषण पखवाड़ा की प्रस्तावना, उद्देश्य एवं थीम सही



पोषण, देश रोशन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं में पोषण संबंधी कमी को दूर करना है। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि उचित खान-पान द्वारा शरीर में होने वाली पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जा सकता है और कई रोगों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से एनीमिया रोग के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं को आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण भी किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए पोषण के महत्व पर बल दिया और सभी को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पोषण पखवाड़ा जैसी जागरूकता अभियानों से जुडकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा ने छात्राओं से इस अभियान से जुडने और समाज में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता पूजा रानी, रेणु कुमारी, रचना तथा डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे।

# साइकिल का एक-एक पैडल ड्रग फ्री हरियाणा के आंदोलन को दे रहा है ताकत: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र /शाहबाद: भाजपा के** वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि पुलिस के जवानों, युवाओं और आम नागरिकों के साइकिल का एक-एक पैडल ड्रग फ्री हरियाणा के आंदोलन को और ताकत दे रहा है। इस आंदोलन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर साइकिल यात्रा आगे बढ़ रही है। इस अभियान में युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग, गांव और शहरों को शामिल होकर अपने परिवार, गांव, वार्ड, शहर सहित पूरे हरियाणा को नशा मुक्ति बनाना है। हमें अपनी अगली पीढ़ी के लिए



अच्छा, स्वच्छ और नशामुक्ति माहौल सौंपना है। हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का अंबाला से कुरुक्षेत्र में प्रवेश करने पर सोमवार को शाहबाद विधानसभा के गांव खानपुर जाटान में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, एसडीएम शाहबाद डा. चिनार चहल, डीएसपी राम कुमार और क्षेत्रवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का स्वागत फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर किया। महिलाओं ने हरियाणवी संस्कृति और परम्परा के अनुसार हरियाणवी लोकगीत गाते हुए स्वागत किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। साथ ही ड्रग्स मुक्त हरियाणा बनाने के लिए नमक जत्था लोटा में लिया हिस्सा। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लडने.की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ सरकार की ये मुहिम सराहनीय है। हम सबको एकजुट होकर अभियान के साथ जुडना चाहिए। उन्होंने नशे को शरीर, धन और समाज के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इन विषयों के प्रति समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर एसडीएम शाहबाद डा. चिनार चहल, डीएसपी राम कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार, तहसीलदार पूनम सौलंकी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**नशे की बजाए खेलों को समय दें युवा**

एसडीम डॉ. चिनार चहल ने कहा कि आज अंबाला जिला से कुरुक्षेत्र जिला में साइक्लोट्रॅन 2.0 यात्रा ने प्रवेश किया है। यह यात्रा हरियाणा सरकार का ड्रग्स मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर हरियाणा के हर जिले में जाकर लोगों को जागरुक कर रही है। सभी को मिलकर संकल्प लेना चाहिए कि वह नशे से दूर रहे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवा नशे की तरफ ना जाकर खुद को खेलों में लेकरजाए। खेलों मेडल लाने से उनके घर, परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन होगा। साथ ही उन्हें रोजगार मुहैया होगा और वह नशे से दूर रहकर खुद व समाज का भला कर सकते हैं।

**नशा बेचने वाले 140 तस्करों की प्रॉपर्टी को किया सीज**

साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि यात्रा से आमजन को बहुत महत्वपूर्ण संदेश मिल रहा है। नशा प्रदेश के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। नशे की वजह से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

# विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि भ्रष्टाचार तो अपराध है ही, उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोके रखना है। ऐसे में अधिकारी विकास कार्यों की गंभीरता को समझें और विकास कार्यों में कोताही न बरतें। अधिकारी समस्या का समाधान बताएं। जनता के बीच में जवाबदेही हमारी है और प्रशासनिक अधिकारी निडर होकर काम करें क्योंकि वे सरकार का चेहरा हैं और जनता को सरकार से बहुत सी उम्मीदें हैं जिन पर उन्हें खरा उतरना है। विधानसभा अध्यक्ष



हरविन्द्र कल्याण सोमवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में डीसी उत्तम सिंह व अन्य आला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व सीएम की घोषणाओं को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से सख्ती भरे लहजे से कहा कि समय पर विकास कार्य शुरू न करने वाले व अधूरा काम छोडने.वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो यह माना जाएगा कि अधिकारियों की ठेकेदार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे से कोई खुला खेल खेलता रहे यह कतई मंजूर नहीं। अफसोस है कि शिलान्यास के चार.चार महीने बाद भी विकास कार्य शुरू नहीं हो पाते। सडकों पर रोड़े डालकर कार्य को अधूरा छोड़ रखा है। जनप्रतिनिधि होने के कारण लोग उनसे सवाल पूछते हैं कि कार्य पूरे क्यों नही हो रहे? ऐसे में जवाब देना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, ताकि कार्यों में पारदर्शिता नजर आए। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन शुरू होने से पहले सभी सडकों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करवाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसको लेकर उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी सडक टूटी हुई नजर नहीं आनी चाहिए। ऐसे में जिला स्तर पर अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सडकों को चौड़ा करने व गड्ढे भरने के कार्य को तुरंत करवाएं। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले तालाबों से जुड़े कार्यों (खुदाई, सफाई आदि) को समय रहते पूरा करवायें, ताकि ग्रामीणों को बारिश के दिनों में पानी जमा होने के कारण परेशानी न उठानी पड़े। बैठक में हरविंद्र कल्याण ने सीएम घोषणाओं के तहत घरौंडा हलके में अभी तक लंबित अथवा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के साथ.साथ अन्य संबंधित विभागों के अधूरे विकास कार्यों की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये।

# विधायक गहलावत ने छह करोड़ की लागत से कार्य का समापन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई: राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने मुरथल से मीरापुर रोड, यमुना घाट रोड के मीन कार्य का लोकार्पण किया, जिस पर लगभग छह लाख करोड़ की लागत आएगी। क्षेत्रवासियों की मांग पर उन्होंने मुरथल से मीमारपुर रोड, यमुना घाट रोडमार्ग के संकेत और माप को तुरंत स्वीकार करते हुए पूरे फिल्म की ओर सफलता के कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतरीन सड़क सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे



हैं। अच्छी परिवहन सुविधा मिलने पर विकास को गति मिलेगी, सीधा लाभ रेलवासियों को मिलेगा। नई दीवारों की आवश्यकता को पूरी तरह से साफ करने के साथ-साथ पुरानी किताबों की तलाश के काम को भी पूरा किया जा रहा है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी सिंह बलिया के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास के मार्ग पर रेलवे से बेरोजगारी है।

# गंदगी से परेशान झड़ौदा के लोग, जिम्मेदार मौन, समस्या सुने कौन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झडौदा वार्ड नंबर-10 के लोग काफी लंबे समय से गंदगी के साये में जीने को विवश है और आम आदमी पार्टी से स्थानीय निगम पार्षद कुंभकर्णी नींद में सोए हुए नजर आ रहे है। क्षेत्रीय लोगों की माने तो उन्होंने बताया कि हमारे वार्ड में काफी लंबे समय से गंदगी का माहौल बना हुआ है, साफ-सफाई का नामोंनिशान तक दूर-दूर तक नजर नहीं आता है।

**गंदगी से परेशान लोग, पार्षद सोए कुंभकर्णी नींद:** झडौदा वार्ड के संत नगर मेन मार्किट, बंगाली कॉलोनी, हिमगिरी इंकलेव, जगत पुर इलाके के लोग इन दिनों बहुत परेशान हैं। चारों तरफ गंदगी का ऐसा हाल है कि जीना मुश्किल हो गया है, गंदगी के कारण बीमारियां फैल रही हैं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, आए दिन कोई न कोई बीमार पड़ जाता है, स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की है और अधिकारियों को भी बताया है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है।

**चुनाव के समय किए थे वादे और अब भूले वादे:** स्थानीय लोगों ने कहा कि चुनाव के समय जब आम आदमी पार्टी से निगम पार्षद गगन चौधरी वोट मांगने आए थे, तब लोगों ने साफ कहा था कि यहां गंदगी बहुत है और बच्चे बीमार हो रहे हैं, कुछ इंतजाम कराइए, उस समय पार्षद और विधायक संजीव झा ने वादा किया था कि सफाई करवाई जाएगी, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद पार्षद और विधायक संजीव झा क्षेत्र में कभी नजर ही नही आए। जिसके चलते हालात जस के तस हैं, इससे लोगों में भारी नाराजगी है।

**लोगों ने कहा गंदगी के चलते रिश्तेदारों को भी बुलाने में आती है शर्म:** स्थानीय निवासी सुनीता देवी बताती हैं कि उन्हें यहां रहते हुए करीब 3-4 साल हो गए हैं और जब से आई हैं, तब से यही हालत देख रही हैं, उनका कहना है कि गंदगी इतनी ज्यादा है कि अगर कोई रिश्तेदार भी आना चाहे तो हम शर्म के मारे बुलाते तक नहीं, न तो यहां कोई सरकारी गाड़ी आती है कूड़ा उठाने के लिए। जगतपुर इलाके में रहने वाले संतोष शर्मा ने बताया कि वह यहां तीन साल से रह रहे है, बारिश के मौसम में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं, बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते और रास्ते में फिसलकर गिर जाते हैं, मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि रात को ठीक से सोना भी मुश्किल हो जाता है।

संतोष शर्मा ने ताना कसते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता हाथ जोड़ते हैं, पैर पकड़ते हैं, लेकिन जीतने के बाद सब वादे भूल जाते हैं। वहीं लक्ष्मी नाम की महिला ने बताया कि उन्हें यहां रहते दो साल हो गए हैं, लेकिन गंदगी का कोई समाधान अब तक नहीं हुआ है, लोगों की बस यही मांग है कि जल्द से जल्द सफाई कराई जाए।

# तारों के जंजाल से सदर बाजार में हो सकता है बड़ा हादसा: परमजीत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में बढ़** रही गर्मी के कारण आए दिन आग की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है, इसको लेकर सदर बाजार के व्यापारियों में काफी दहशत है। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि सदर बाजार की विभिन्न मार्केट में तारों का जंजाल बना हुआ है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसके लिए लगातार व्यापारी बिजली विभाग, एमटीएनएल, एयरटेल सहित एजेंसियों को लगातार सूचित कर रहे हैं, मगर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही। इसको लेकर फेडरेशन सभी विभागों से जल्द ही वार्ता करेगी। जिससे यह समस्या का हाल जल्द से जल्द निकल सके। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया कि सदर बाजार की मटके वाली गली, ग्रीन मार्केट, कुताब रोड, पान मंडी, तोलिया वाली गली सहित अनेक मार्केट में तारों के जंजाल से बुरा हाल है जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहते हैं और कई बार आग लगने की बड़ी घटनाएं भी हुई है जिसमें करोड़ों रुपए का व्यापारियों का नुकसान हुआ है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जल्दी कोई कार्य न हुआ तो फेडरेशन इन के खिलाफ आंदोलन करेगी। साथ उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से भी निवेदन किया है वह कृपया इस और ध्यान देकर व्यापारियों की सुरक्षा का ख्याल करें।

# बलराम श्रीवास्तव को प्रदान किया गया निरालाश्री सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हिंदी भवन, दिल्ली** में साहित्य प्रेमी मंडल की स्थापना के चालीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य स्वर गंगा कवि सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री, भारत सरकार हर्ष मल्होत्रा द्वारा बलराम श्रीवास्तव को सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान मंडल के संस्थापक कविवर बृज शुक्ल घायल की स्मृति में प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर कविवर डॉ हरिओम पंवार को सहित्य भारती सम्मान, गीतकार विष्णु सक्सेना को काव्य किशोर सम्मान और पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले प्रत्येक कवि को इक्यावन हजार रुपये सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और इस दर्पण को सजाने और संवारने के लिए मैं साहित्य प्रेमी मंडल को साधुवाद देता हूँ। इस अवसर पर साहित्य प्रेमी मंडल के उपाध्यक्ष एवं विश्व रिकॉर्ड होल्डर आर्टिस्ट राजेश कुमार की पुस्तक केदार से कैलाश तक तथा पत्रिका विनायक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर डॉ कमलेश मणि चौधरी की पुस्तक सम्मासती का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के विधानसभा अध्यक्ष विजेंदर गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने साहित्य प्रेमी मंडल की निरंतर सेवाओं को साहित्य और समाज के लिए एक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर रोहतास नगर विधायक जितेन्द्र महाजन और संस्था के सचिव पंकज शर्मा ने समारोह को गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में पूनम वर्मा, रसिक गुप्ता और मुकेश शर्मा ने भी काव्य पाठ किया। संस्था के महासचिव डॉ प्रवीण शुक्ल ने संस्था की चालीस वर्ष की यात्रा और उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्था के कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

संस्था अध्यक्ष सुबेसिंह पराशर, सचिव आदेश शर्मा, सचिव पी के आजाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राजेश कुमार ने अपनी पुस्तक केदार से कैलाश तक के सफर के बारे में चर्चा की।

संस्था के चालीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डॉ कीर्ति काले ने अपनी संस्था अंतरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच की ओर से डॉ हरिओम पंवार, डॉ विष्णु सक्सेना, विधायक जितेन्द्र महाजन के साथ डॉ प्रवीण शुक्ल का सम्मान किया।

# नरेला इलाके में मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल** के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में भड़की हिंसा के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने देशभर में आक्रोश प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में उत्तरी जिला के अलीपुर में डीएम कार्यालय के सामने उत्तरी विभाग विश्व हिंदू परिषद और बुराडी जिला के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। उत्तरी विभाग विश्व हिंदू परिषद और बुराडी जिला के कार्यकर्ता अलीपुर के डीएम कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और भगवा झंडे लिए हुए थे, जिन पर "ममता सरकार बर्खास्त करो" और "बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करो" जैसे नारे लिखे थे। कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन के दौरान, संगठनों ने डीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का जिक्र किया। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीतियों के कारण हिंदू समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है, और सैकड़ों परिवारों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल को वक्फ संशोधन कानून के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया था।

इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई, कई दुकानों और घरों में लूटपाट और आगजनी की गई। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आरोप है कि इस हिंसा में हिंदुओं को निशाना बनाया गया, और राज्य सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। संगठनों ने इसे "प्रायोजित हिंसा" करार देते हुए बांग्लादेशी कट्टरपंथियों की संलिप्तता का भी आरोप लगाया। अलीपुर के अलावा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने देश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और झारखंड सहित कई राज्यों में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपे। इन प्रदर्शनों में बीजेपी और अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान, विश्व हिंदू परिषद प्रांत सहमंत्री मनोज बंसल ने कहा, "ममता बनर्जी की सरकार जिहादी ताकतों को संरक्षण दे रही है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के घर जलाए गए, उनकी दुकानें लूटी गईं, और अब वे पलायन को मजबूर हैं। यह बंगाल की संस्कृति और स्वामी विवेकानंद की धरती का अपमान है। अगर केंद्र सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो अपने प्रदर्शन को और तेज करेंगे। वही प्रांत सह मंत्री अशोक गुप्ता ने कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। ममता बनर्जी ने लोकतंत्र की हत्या की है और हिंदुओं को असुरक्षित छोड़ दिया है। राज्य सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया और उल्टे दंगाइयों को खुला संरक्षण दिया।

हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी जाए ताकि इसके पीछे की साजिश का खुलासा हो सके।

प्रदर्शन में, परिषद से प्रमुखता से प्रांत सहमंत्री अशोक गुप्ता, उत्तरी विभागाध्यक्ष नरसिंह सहरावत, उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल, जिला बुराड़ी अध्यक्ष कपिल गौड़, जिला बुराड़ी मंत्री संत कुमार, जिला नरेला मंत्री कंदर्प गुप्ता, जिला नरेला से कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, मातृ शक्ति संयोजिका लतेश दहिया, मात्र शक्ति सह संयोजिका ऊषा तोमर, मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख विकुल त्यागी, धमार्चार्य संपर्क प्रमुख देवेंद्र मान, हरिपुर प्रखंड उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता तथा जिला बुराड़ी से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संयोजक सुजल सिंह, सहसंयोजक नीरज त्यागी, कुणाल गौ रक्षा प्रमुख, राजेश धर्म प्रसार प्रमुख, नितिन राठौड़ सुरक्षा प्रमुख, समयपुर प्रखंड संयोजक अमित प्रताप सिंह, सहसंयोजक विपिन, भलस्वा प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दीपक सहित सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'एक लिफाफा धूप' दोहा संग्रह का लोकार्पण संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** टू मीडिया के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य साहित्यिक संध्या में डॉ. मनोज कामदेव द्वारा रचित दोहा संग्रह 'एक लिफाफा धूप' का लोकार्पण समारोह एवं काव्य संध्या का सफल आयोजन टू मीडिया स्टूडियो में संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ दोहाकार नरेश शांडिल्य ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित साहित्यकार मनोज अबोध उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में ऑल इंडिया रेडियो, दिल्ली के निदेशक राम अवतार बैरवा, अलका शर्मा तथा डॉ. चेतन आनंद ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का स्वागत टू मीडिया के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति द्वारा किया गया। जिन्होंने अपने हृदयस्पर्शी शब्दों में सभी अतिथियों एवं कवि-कवयित्रियों का अभिनंदन किया। संपूर्ण आयोजन का कुशल एवं आकर्षक संचालन ममता लड़ीवाल ने किया। जिन्होंने अपनी मधुर शैली से समूचे माहौल को ऊजार्वान बनाए रखा। इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों को शॉल, तुलसी का पौधा तथा "साहित्य साधक सम्मान-2025" से सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने डॉ. मनोज कामदेव के नवीन दोहा संग्रह 'एक लिफाफा धूप' की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे समकालीन दोहाकारी परंपरा में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से पधारे लगभग 65 कवि एवं कवयित्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी कवियों ने विविध विषयों पर प्रभावी काव्य पाठ किया, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। हर कवि एवं कवयित्री को आयोजकों द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान साहित्य और संस्कृति की सजीव धारा बहती रही। सभी ने हर प्रस्तुति पर तालियों से कवियों का उत्साह वर्धन किया।

# नेशनल हेराल्ड मामले पर पी. चिदंबरम ने पत्रकारों को किया संबोधित, बताई कई अहम बातें




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी** कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद पी. चिदंबरम ने सम्बोधित किया। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज और डा. पी के मिश्रा भी मौजूद थे। नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से उपजा अखबार है। जिसकी स्थापना पुरूषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव, रफी अहमद किदवई और जवाहरलाल नेहरू जैसे प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गई थी। नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और कौमी आवाज स्वतंत्रता संघर्ष के प्रतीक हैं। अगर मैं कहूँ, तो इन प्रतीकों को संरक्षित और संजो कर रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। नेशनल हेराल्ड 1937-38 में पंजीकृत कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के स्वामित्व में है। जो कि पब्लिक लिमिटेड कंपनी है। एजेएल की भारत में छह अचल संपत्तियां है। सिर्फ लखनऊ में संपत्ति एक फ्रीहोल्ड संपत्ति है। दिल्ली, पंचकुला, मुंबई, पटना और इंदौर कीय संपत्तियां लीज होल्ड है जिन्हें शर्त पर सरकार द्वारा आवंटित किया गया हैं कि ये संपत्तियां बेची नहीं जा सकती है। समय के साथ, एजेएल ने भारी नुकसान उठाया। एजेएल (और नेशनल हेराल्ड) करों, वैधानिक बकाया, या मजदूरी और वेतन का भुगतान नहीं कर सका था।

# नरेला: स्वतंत्र नगर में ब्रह्माकुमारीज के सद्भावना भवन का हुआ लोकार्पण








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने बाहरी दिल्ली के नरेला में स्वतंत्र नगर के गली नंबर-10 में अपने नवनिर्मित 'सद्भावना भवन' का भव्य लोकार्पण किया। यह समारोह राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी बहन और राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शक्ति बहन के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय निवासियों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस दौरान मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का बीके भाई बहनों ने पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में राजयोग का अभ्यास करने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। उनकी ऊर्जा और उत्साह ने समारोह में चार चांद लगा दिए। उपस्थित अतिथियों ने नवनिर्मित सद्भावना भवन की सराहना करते हुए इसे मानव जीवन के लिए एक 'लाइट हाउस' की संज्ञा दी। उन्होंने इस भवन को समाज में शांति, सद्भाव, और आध्यात्मिक जागरूकता का केंद्र बताया। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए, ब्रह्माकुमारी चक्रधारी बहन ने समाज में बुजुर्गों के सम्मान और परिवारों में नैतिक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, आत्मचिंतन और राजयोग के अभ्यास के बिना विश्व शांति संभव नहीं है। यदि हम अपने परिवारों में खुशहाली और शांति चाहते हैं, तो हमें राजयोग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उनके इस प्रेरणादायी संदेश ने उपस्थित लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर इंचार्ज बी के गीता बहन ने कहा कि सद्भावना भवन ब्रह्माकुमारीज संस्थान का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो समाज में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह भवन न केवल राजयोग और ध्यान के लिए एक केंद्र होगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को एकजुट करने का भी कार्य करेगा। ब्रह्माकुमारी शक्ति बहन ने कहा कि सद्भावना भवन का लोकार्पण नरेला और स्वतंत्र नगर के निवासियों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह भवन न केवल आध्यात्मिकता का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज में शांति, एकता, और नैतिकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ब्रह्माकुमारीज का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सद्भावना भवन के उद्घाटन समारोह में नरेला और आसपास के क्षेत्रों से कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं। इनमें स्थानीय निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री और प्रमुख समाजसेवी राजेंद्र सिंहल, कांग्रेस सेवा दल के अतिरिक्त अध्यक्ष समुंदर कंडेरा, ओम प्रकाश रंगा, फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया, वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की अध्यक्ष कमलेश तुषीर, ब्रह्माकुमार रूपेश सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहें।

# इनामी वाहन चोर मक्कू मुठभेड़ में घायल

## कोसीकला थाने से छह मुंकदमों में फरार चल रहा था मक्कू, थाना कोसीकलां पुलिस ने किया मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। थाना** कोसीकला पुलिस ने 20 हजार रुपये के शातिर ईनामिया वाहन चोर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला अरविन्द कुमार निर्वाल के मुताबिक थाना कोसीकलां पुलिस टीम ने चौकी कोटवन क्षेत्रान्तर्गत होडल हरियाणा की तरफ से दहगांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर बम्बे की पुलिया पर चैकिंग के दौरान 20 हजार रुपये के शातिर ईनामिया बदमाश मक्कू उर्फ मकसूद पुत्र असरू निवासी जखोफर थाना बिछौर जिला नूँह हरियाणा मुठभेड के दौरान एक तमंचा, दो खोखा व दो जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए अभियुक्त को उपचार के लिए





सीएचसी कोसीकलां में भर्ती कराया गया। घायल अभियुक्त का साथी सरफराज पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ़्तार किया जा चुका है तभी से मक्कू उर्फ मकसूद थाना कोसीकलां के छह मुकदमों में वांछित चल रहा था। जिस पर एसएसपी ने 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। इसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां, एसआई अरविंद पूनिया थाना कोसीकलां, एसआई मनमोहन शर्मा थाना कोसीकलां, एसआई अंकित मलिक, थाना कोसीकलां आदि थे।

# शाखा व्यायामशाला नहीं, व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है: अरूण



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ माधव नगर मथुरा महानगर ने बी एस ए डिग्री कॉलेज में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम किया। जिसमें अजय शर्मा नगर कार्यवाह ने दंड संचलन , शिवकुमार ने गण समता, श्रीओम ने सामूहिक समता व योग व सूरज ने नियुद्ध, मुख्य शिक्षक अजय , एकल गीत पुंडरीकाक्ष व प्रार्थना रविन्द्र ने कराई। विभाग प्रचारक अरुण ने कहा था कि यह जो यह शारीरिक प्रदर्शन आज हुआ है यह केवल एक दिन की मेहनत से नहीं बल्कि निरंतर शाखा जाने के अभ्यास से यह संभव हो पाया है। डॉ. हेडगेवार ने कहा था कि शहरी क्षेत्र में 3 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 1 प्रतिशत परसेंट जब स्वयंसेवक हो जाएंगे तो संघ का काम पूर्ण हो जाएगा। संघ समाज मय हो जाएगा। इसलिए यह शताब्दी वर्ष चल रहा है। इसमें हम सभी को अधिक से अधिक हिंदू समाज को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जोड़ना होगा। संघ की शाखा केवल व्यायाम शाला नहीं है बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, राकेश, सचिन, सीपी सिंह, प्रदीप, शैलेंद्र, दुर्गा प्रसाद, पवन, विजय, अशोक, रामगोपाल, हरिश्चंद्र, नीरज, भगवती प्रसाद, सुभाष, बिपिन, मनोज सैनी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अनंत राज की 'रनाथन' में शामिल हुए 800+ लोग; फिटनेस और सस्टेनेबिलिटी के साथ मनाया 'अर्थ डे'

**गुरुग्राम:** अनंत राज लिमिटेड ने आज फिटनेस, फैमिली और सस्टेनेबिलिटी के मूल्यों को समेटे हुए 'अनंत राज रनाथन 2025' का आयोजन कर 'अर्थ डे' के एक अनोखे अंदाज में मनाया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम के सेक्टर 63ए स्थित अनंत राज एस्टेट में हुआ, जिसमें दिल्ली एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों के 800 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दौड़ के सर्किट में जाने-पहचाने नाम कोच रविंदर की अगुवाई में रनाथन चार श्रेणियों में आयोजित हुई, जिसमें 10 मील एवं 5 मील की समयसीमा की रेस, 5 मील की वॉकाथन, और 1 मील की बच्चों की रेस शामिल थीं। सेक्टर 63ए के आस-पड़ोस के सुरम्य, हरे-भरे और शांत वातावरण में किसी ने प्रयोजन, तो किसी ने खुशी के लिए सभी उम्र और पृष्ठभूमि के धावकों ने मिलकर दौड़ लगाई। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हैल्थ और कम्युनिटी बॉन्डिंग को बढ़ावा देना था, बल्कि सस्टेनेबल लिविंग के तौर-तरीकों के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। रेस में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी प्रीमियम अनुभव पाकर खासे उत्साहित दिखे, जिसमें तुरंत सूखने वाली रेस टी-शर्ट, विजेताओं को मेडल, सर्टिफिकेट, बैग, और दौड़ के बाद लज्जतदार नाश्ता शामिल था। कार्यक्रम में बोलते हुए अनंत राज लिमिटेड के डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री अमन सरीन ने कहा, "अर्थ डे हमें हमारे प्लानेट के लिए हमारी साजा जिम्मेदारी को याद दिलाता है, और आज की रनाथन हमें बताती है कि कैसे फिटनेस और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चल सकते हैं। बहुत अच्छा लगा बड़ी संख्या में आए उत्साही प्रतिभागियों को देखकर। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सभी का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं।"

### ईमामी पेश करते हैं प्योर ग्लो, एक इनोवेटिव स्किनकेयर सॉल्यूशन

**नई दिल्ली।** ईमामी लिमिटेड, ईमामी ग्रुप की एक प्रमुख पर्सनल केयर और हेल्थकेयर कंपनी ने ईमामी प्योर ग्लो को पेश करते हुए रुपये 4,000 करोड़ से अधिक की ब्राइटनिंग क्रीम कैटेगरी में प्रवेश की करने की घोषणा की है। यह एक इनोवेटिव स्किनकेयर सॉल्यूशन है जो ग्राहकों की स्किनकेयर की समस्याओं को सुलझाकर ग्लो सेग्मेंट के एक नई पहचान देगा। ब्राण्ड को और भी आकर्षक रूप से पेश करने और पूरे देश में ग्राहकों तक पहुँचने के लिए, ईमामी ने प्योर ग्लो के ब्राण्ड ऐम्बेडसेडर के रूप में राशि खन्ना को लिया है। क्षेत्रीय और हिन्दी फिल्मों में मशहूर, राशि खन्ना की उपस्थिति इस ब्राण्ड को और भी आकर्षक और खास बनाती है। इसलिए नए जमाने के स्किनकेयर सॉल्यूशन के लिए वह बिल्कुल उपयुक्त पसंद हैं। लॉन्च के दौरान अपनी बात रखते हुए, श्री मोहन गोयनका, वाइस चेयरमैन और होल-टाइम डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा, ईमामी ने सालों से अपने आधुनिक और बेहद असरदार प्रोडक्ट्स के साथ पर्सनल केयर कैटेगरीज में नए उत्पादों को पेश किया है। प्योर ग्लो के साथ हमने एक बेहतरीन, वाकई में असरदार वैज्ञानिक फॉमूर्ला के साथ ?4000 करोड़ के ब्राइटनिंग क्रीम मार्केट में प्रवेश किया है। हमने उपभोक्ताओं की समस्याओं का गहरा अध्ययन करके उन्हें बहुत अच्छी तरह से समझा है और हमारा 6-वे ब्राइटनिंग ऐक्शन, डीप पेनिट्रेशन टेक्नोलॉजी और नेचुरल इनग्रेडियंट्स असरदार और लम्बे समय तक ग्लो सुनिश्चित करते हैं। हमें पूरा यकीन है कि प्योर ग्लो इस कैटेगरी में एक नए युग की शुरूआत करेगी। अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से ईमामी प्योर ग्लो को तैयार किया गया है। बाजार में मौजूद वर्तमान ब्राइटनिंग क्रीम के साथ महिलाओं को जिन बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है उन सभी के समाधान के लिए इसे बनाया गया है। इन समस्याओं में शामिल हैं - चेहरे पर क्रीम की सफेद कास्ट, मॉइश्चराइजेशन का अभाव, कम असर या समय के साथ नतीजो का न दिखना। ईमामी हमेशा से पर्सनल केयर सेगमेंट में नए आविष्कारों के लिए विख्यात है।

# राज्यसभा सांसद कांता कर्दम का मथुरा आगमन

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद कांता कर्दम सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर मथुरा पहुंचीं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने रिफाइनरी स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद को दुपट्टा ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, विजय शर्मा, राधा सिंह, बादल शर्मा, मोहन भारद्वाज, बबलू चौधरी और सत्यपाल चौधरी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं

# सावधान, आपको बीमार न बना दे पाउच का पानी...

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मौसम तपने लगा है। तेज धूप में गला चटकने लगा है। कुछ हो न हो पानी जरूर चाहिए। प्याउ अब बची नहीं हैं, हैंण्ड पम्प भी कहीं कहीं मिलते हैं। पानी का दान भले ही महादान माना जाता हो लेकिन अब यह व्यापार भर रह गया है। कुल मिला कर पानी की खपत बढ़ गई है। इसका फायदा पानी का कारोबार करने वाले उठा रहे हैं, कई परिस्थितियों में तो दूध से भी महंगा पानी मिलता है। अब पाउच और बेतलबंद पानी ही एक मात्र सहारा बचा है। कारोबारियों को लाभ का लालच ऐसा कि किसी की जान की परवाह तक नहीं। जो बिना पैकिंग तिथि और एक्सपायरी डेट के ही पानी पाउच की बिक्री कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पांच



दिन में पाउच वाला पानी पीने योग्य नहीं रहता है। ऐसे में लोगों के लिए यह समझ पाना मुश्किल है कि वह कितना पुराना पानी पी रहे हैं। जानकारी के अभाव में पाउच का पानी लोग धड़ल्ले से प्रयोग कर प्यास बुझा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते लोगों का गला भी सूख रहा है। गला तर करने के लिए लोग पाउच बंद पानी की मांग कर रहे हैं। बिक्री में अप्रत्याशित उछाल आ गया है। सामान्य व्यक्ति ढाई से तीन रुपये में बिकने वाले पाउच बंद पानी को खरीदकर प्यास बुझा रहा है। इसका फायदा पानी प्लांट चलाने वाले उठा रहे हैं, जो पानी पाउच बाजार में भेज रहे हैं। इस फैक्टरी मेड पानी के पाउच पर न तो पैकिंग तिथि ही अंकित है और न ही एक्सपायरी डेट। दुकानदार इन पाउचों को ऊंचे दामों पर बेच कर मुनाफा कमा रहे हैं। कस्बा फरह के मुख्य चोराहे ,परखम, रोड़, मुख्य बाजार,के पास चाय नाश्ता की दुकान दारों ने बताया कि लोकल स्तर पर पाउच प्राप्त हो रहे हैं। एक बोरी पाउच एक दिन चल जाता है। दो पानी पाउच पांच रुपये के और एक पाउच तीन रुपये का बिक्री करते हम लोगो को तो टेम्पो वाला पाउच दे जाए ओर हम बिक्री कर देते है।

सूचना मिली है इस प्रकार के दुकानदारों को नोटिस देकर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

-शिवकुमार राना, ईओ फरह

ऐसे पानी पाउच के निमार्ता जो की एक्सपायरी डेट और निर्माण तिथी व अन्य जरूरी जानकारी पाउच पर नहीं डाल रहे हैं उनके खिलाफ अभियान चलकर कार्रवाई की जाएगी माल को नष्ट कराया जाएगा मुकदमा व जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी

-धीरेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त खाद्य आयुक्त मथुरा

# कुल्ली छह महीने के लिए जिला बदर

## जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह ने विवेचन एवं विश्लेषण के अनुक्रम में की कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। जिला** मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह ने विवेचन एवं विश्लेषण के अनुक्रम में विपक्षी राहुल पुत्र स्व. संजीव शर्मा उर्फ कुल्ली निवासी मैनागढ कृष्णापुरी सदर बाजार जनपद मथुरा को छह माह की अवधि के लिये जनपद मथुरा की सीमा से निष्कासित करने का आदेश जारी किया है। विपक्षी को निर्देशित किया जाता है कि वह इस आदेश की प्राप्ति की तिथि से इस जनपद की सीमा से स्वयं बाहर चला जाये और तब तक जनपद की सीमा में

**समयसीमा**

**वह इस आदेश की प्राप्ति की तिथि से इस जनपद की सीमा से स्वयं बाहर चला जाये**

प्रवेश न करे जब तक यह अवधि समाप्त न हो जाये। विपक्षी जनपद से बाहर रहने की सूचना प्रभारी निरीक्षक, थाना सदर बाजार जिला मथुरा को देगा। यदि निर्धारित अवधि में विपक्षी इस आदेश का उल्लंघन या चूक करता है, तो वह उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 10,11 के उल्लंघन का दोषी माना जायेगा और उसे गिरफ्तार कर विधि व्यवस्था के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि व्यक्ति का किसी विशिष्ट न्यायिक आदेश के अनुपालन में उपस्थित होना आवश्यक है, तो उस न्यायालय में उपस्थित होने के लिए व्यक्ति को धारा 4 के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट से अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# समय बदला, सुबह सात बजे के हुए स्कूल

**मथुरा।** गर्मी का सितम अब सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूध तन को जलाने लगी है। मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव के बावजूद तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। तेज गर्मी के कारण स्कूली बच्चों को राहत दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने सभी विद्यालयों के लिए नया समय निर्धारित किया है। नए आदेश के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई सुबह 7 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगी। यह आदेश सभी परिषदीय विद्यालयों, सहायता प्राप्त स्कूलों, सीबीएसई और अन्य बोर्ड के विद्यालयों पर लागू होगा। बीएसएनल के अनुसार, वर्तमान में मथुरा में हीट वेव की स्थिति है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश और जनता के लिए उपयोगी कदम : बेबी रानी




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: एक** राष्ट्र एक चुनाव देश और जनता के लिए उठाया गया उपयोगी कदम है। जिसकी बात राष्ट्र हित में भाजपा कर रही है। अगर एक साथ सभी चुनाव हो तो इसके कई फायदे हैं। यह देश और जनता के लिए उपयोगी कदम है। यह बातें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कही। मंत्री सोमवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुट्ठीगंज में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थी। उन्होंने आगे कहा कि एक लोकसभा चुनाव में कई लाख करोड़ रुपये खर्च होता है। एक साथ चुनाव होने से देश का बहुत सारा पैसा बचेगा। जो लोग चुनाव के लिए काला धन इकट्ठा करके रखते हैं वो भी बंद हो जाएगा। एक साथ चुनाव कराने से देश को आर्थिक लाभ होगा। इसी के दृष्टिगत भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई। जिससे संबंधित अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि

**फायदे**

**बात राष्ट्र हित में भाजपा कर रही है। अगर एक साथ सभी चुनाव हो तो इसके कई फायदे हैं**

32 दलों ने एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया है। कई देशों में एक राष्ट्र एक चुनाव होता है। पूर्व चुनाव आयुक्त, पूर्व राजनयिक व पूर्व जजों ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव से जनता में नकारात्मकता आती है और बार बार वोट डालने जाना पड़ता है। पुलिस व अन्य सुरक्षा बल भी एक राज्य से दूसरे राज्य में चुनाव कराते कराते थक जाते हैं। एक साथ चुनाव होने से हमारा देश और उन्नति करेगा और 2047 तक हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो विश्व गुरु बनने का सपना है वो भी पूरा होगा।

# अयोध्या में 6 प्रमुख प्रवेश द्वारों का निर्माण कराएगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी** सरकार प्रभु श्रीराम की राजधानी और सनातन सप्तपुरियों में विख्यात अयोध्या धाम में पर्यटक सुविधाओं में और इजाफा करने जा रही है। अयोध्या के 6 प्रमुख प्रवेश द्वारों को उत्तम पर्यटक सेवाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनाने की तैयारी है। प्रक्रिया के अंतर्गत श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, गरुण और जटायु द्वारों का गेट कॉम्पलेक्स के रूप में निर्माण व विकास होगा। इन सभी 6 प्रवेश द्वारा के समीप पर्यटक सुविधा केन्द्रों का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त, बजट होटल, यात्री निवास पर्यटक केन्द्र व पर्यटन कार्यालय का विकास होगा। वहीं, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, फूड कोर्ट,

**पर्यटक सेवाएं**

**6 प्रमुख प्रवेश द्वारों को उत्तम पर्यटक सेवाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनाने की तैयारी**

कैफेटेरिया, रेस्तरां, एंफिथिएटर, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी कई सुविधाओं का यहां निर्माण व विकास किया जाएगा जो पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेंगे। इस विषय में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने खाका तैयार कर लिया है जिसके आधार पर सभी निर्धारित निर्माण व विका कार्यों की पूर्ति में तेजी लायी जाएगी। सबसे बड़ा होगा जटायु द्वार उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार, अयोध्या में जिन 6 टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) यानी पर्यटक सुविधा केन्द्रों का निर्माण होना है, उनमें जटायु द्वार पर बनने वाला केन्द्र सबसे बड़ा होगा। अयोध्या में अम्बेडकर नगर रोड पर जटायु द्वार, लखनऊ रोड पर श्रीराम द्वार, गोण्डा रोड पर लक्ष्मण द्वार, सुलतानपुर रोड पर भरत द्वार, गोरखपुर रोड पर हनुमान द्वार तथा रायबरेली रोड पर गरुण द्वार बनाया जाएगा। बजट होटल समेत तमाम प्रकार की सुविधाओं का पर्यटकों को मिलेगा लाभराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार गेट कॉम्पलेक्स के समीप पर्यटक सुविधा केन्द्रों के निर्माण से अयोध्या आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यहां 3 स्टार, 2 स्टार व बजट होटल, यात्री निवास पर्यटक केन्द्र, पर्यटन कार्यालय, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, रेस्तरां, एंफिथिएटर, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी कई सुविधाओं का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टॉयलेट ब्लॉक्स, डब्ल्यूएसटीपी व एसटीपी की स्थापना, पेट्रोल व सीएनजी पंप, बाउंड्री वॉल और ओपन पवेलियन समेत आधुनिक फूड कोर्ट के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# वृंदावन में गूंजा भूटान का सांस्कृतिक स्वर

**टीम एक्शन इंडिया**

**वृंदावन: गीता** शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के सभागार में प्रसिद्ध लेखिका डॉ. शुभदा पाण्डेय की कृति पन्नाई यादों का कल्पतरु रू भूटान का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत भूटान के सांस्कृतिक संबंधों पर केन्द्रित है, जिसमें लेखिका ने अपने व्यक्तिगत यात्रा अनुभवों और सांस्कृतिक शोध को कलात्मक भाषा में प्रस्तुत किया है। अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं संस्थापक कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने की। मंच पर ब्रज लोक कला केन्द्र के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश गोयल, केन्द्र के सचिव दीपक गोयल, सुप्रसिद्ध




भजन गायक बिहारी शरण जी महाराज, अवकाश प्राप्त डीआईओएस डा. एस.पी. गोस्वामी, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव रह चुके श्री महेश चंद्र शर्मा ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने लेखिका के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और भूटान की यात्राओं को विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि ह्रशुभदा जी ने भूटान जैसे शांतिप्रिय और आध्यात्मिक राष्ट्र की यात्रा करके वहां की संस्कृति को जिस सूक्ष्मता से आत्मसात किया और फिर साहित्यिक रूप में प्रस्तुत किया, वह अनुकरणीय है। संचालन गीता शोध संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। विगत में गीता शोध संस्थान वृंदावन के आयोजनों में योगदान व सहयोग देने वालों में प्रमुख रूप से साहित्यकार डा. अनीता चौधरी, ब्रज भाषा के कवि अशोक अज्ञ, कलाकार विनय गोस्वामी, श्रीमती मोहिनी कृष्णदासी, पूर्व डीआईओएस डा. एस.पी. गोस्वामी आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम में आरसीए कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी, प्राचार्य डा देव प्रकाश शर्मा, रासाचार्य घनश्याम शर्मा एवं रितु सिंह आदि साहित्य, कला और अध्यात्म जगत के विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित साहित्य व सांस्कृतिक जगत के लोगों ने लेखिका को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि ये पुस्तक भारत भूटान सांस्कृतिक रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला मध्य प्रदेश के व्यक्ति का शव

## 45 साल परिवार को लेकर वृंदावन में रह रहा था व्यक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। नगर** के बांके बिहारी क्षेत्र स्थित ठाकुर राधा स्नेह बिहारी मंदिर के पास एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सोमवार की सुबह बिहारीपुर क्षेत्र स्थित एक घर में एक व्यक्ति का शव फंदे पर झूलता मिला। खबर मिलते ही आनन फानन भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी करने पर पता चला कि रमाकांत तिवारी उम्र लगभग 42 वर्ष बिहारीपुरा क्षेत्र स्थित एक घर में पूजा सेवा का

**जांच जारी**

**सोमवार की सुबह बिहारीपुर क्षेत्र स्थित एक घर में एक व्यक्ति का शव फंदे पर झूलता मिला**

कार्य करता था। यह मकान दिल्ली निवासी अंजलि गोस्वामी का है। जहां पर ठाकुर जी की सेवा पूजा एवं सुबह शाम आरती करने का कार्य रमाकांत तिवारी करते थे। रविवार शाम को जब भी आरती करने आए तो उन्होंने आज पड़ोस के लोगों को बताया कि उनके घर पर मेहमान आए हुए हैं आज रात में यहीं पर सोएंगे। सोमवार की सुबह जब सफाई करने वाली महिला ने दरवाजा खोला, तो दरवाजा पहले से ही खुला हुआ था। दरवाजा खोलते ही सामने रमाकांत तिवारी का शव फंदे पर झूलता हुआ नजर आया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# आदर्श नगर में हुआ बैसाखी मेले का भव्य आयोजन

- केवल पार्क के रामलीला मैदान में पंजाबी कलाकारों ने बिखेरे रंग
- आदर्श नगर के इतिहास का सबसे बड़ा कल्चरल प्रोग्राम
- पुरानी दिल्ली के कई बड़े ब्रांड्स ने लगाए फूड स्टाल, हजारों लोगों ने लिया पंजाबी कल्चरल प्रोग्राम का आनंद
- श्री मूल मंत्र साहिब का पाठ किया
- बच्चों ने परफॉर्मेंस और गिद्दा भंगड़ा से बांधा कार्यक्रम में समां
- आगामी पीढ़ी को पंजाबी कल्चर से कराया रूबरू





















**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की मशहूर सामाजिक संस्था आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने बैसाखी पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पंजाबी समुदाय से जुड़े हुए लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, पंजाबी गानों और गिद्दा- भंगड़ा पर बच्चों की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

**अतिथियों का हुआ भव्य स्वागत**

कार्यक्रम में पंजाबी समुदाय से जुड़े लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों को पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया।

**दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई कार्यक्रम की शुरूआत**

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इस मौके पर अतिथियों ने पंजाबी समुदाय की बेहतरी, पंजाबी संस्कृति को बढ़ावा देने और सामाजिक सद्भावना को आगे बढ़ाने की बात की।

**श्री मूल मंत्र साहिब का किया पाठ**

इस विशेष मौके पर आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के संस्थापक स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी को याद किया गया। संस्था के सभी लोगों ने मिलकर श्री मूल मंत्र साहिब का पाठ किया। इसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।





**संस्थापक स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी को किया गया याद**

इस विशेष मौके पर अतिथियों ने स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी को याद किया और उनके द्वारा पंजाबी समाज की बेहतरी के लिए किए गए योगदान को सबके समक्ष रखा गया। आपको बता दें कि आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी ने रखी थी। स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी का मानना था कि हम सभी को अपने समाज की परंपरा, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर पंजाबी समाज को लाकर पंजाबी संस्कृति के लिए कार्य करना चाहिए। साथ ही आगामी पीढ़ी को पंजाबी संस्कृति से रूबरू कराना चाहिए। इस मौके पर संस्था के प्रधान राजू कोहली की आँखें भी नाम हो गई, जब बापू तेरे कर-के मैं पैरा ते खलो गया वाला गाना बजाया गया।

**बच्चों ने परफॉर्मेंस और गिद्दा भंगड़ा से बांधा कार्यक्रम में समां**

कार्यक्रम में पंजाबी गायकों, पंजाबी संस्कृति को बढ़ावा देते हुए बच्चों ने बेहतरीन गिद्दा भंगड़ा पेश किया। हर कोई पंजाबी गानों की धुन पर थिरक रहा था। बच्चों ने पारंपरिक कपड़ों में गिद्दा-भंगड़ा पेश किया जिसे देख कार्यक्रम में मौजूद लोग भी तालियों बजाने पर मजबूर हो उठे।

**नामचीन ब्रांड्स ने पेश किए अपने लजीज फूड्स**

कार्यक्रम में दिल्ली के मशहूर नामचीन ब्रांड्स ने फूड स्टॉल्स लगाए हुए थे। जहां एक से बढ़कर एक लजीज जायकों का कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने लुत्फ उठाया। सबवे, चाँदनी चौक की परांठे वाली गली सहित पुरानी दिल्ली के मशहूर कैटरर्स ने अपने फूड स्टॉल्स लगाये।





**राजू कोहली:** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव मेरे पिताजी स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी ने रखीं थी। आज वो हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके दिखाए गए पथ पर पूरा परिवार चल रहा है और आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के सदस्य भी पंजाबी समुदाय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।



**गुरमीत अरोड़ा:** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने बेहतरीन कार्यकम का आयोजन किया। जहां पंजाबी समाज को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक संगीतों, गिद्दा-भंगड़ा पर बच्चों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं पंजाब समाज के लिए आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी एक बेहतरीन मंच के रूप में उभरा है।



**सुनील खन्ना:** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की नींव स्वर्गीय सुरेंद्र कोहली जी ने रखीं थी। आज कोहली जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा शुरू किए गए आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी कोहली जी के विचारों को आगे बढ़ा रहा और आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी से जुड़ा हुआ हर व्यक्ति पंजाबी समाज के हित में कार्य कर रहा है।



**मदन मेहरा:** आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी ने बेहद उम्दा बैसाखी कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां बच्चों ने पंजाबी संस्कृति को गिद्दा भंगड़ा से बेहतरीन ढंग से पेश किया वहीं पारंपरिक पंजाबी संगीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मैं आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं कि उन्होंने पंजाबी समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच हम सबके सामने रखा।















